www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

14 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 25

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही






FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST | BASIC | B.SC. BASIC | B.SC. | M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS | DMLT | ECG X-RAY | OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharma
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177


# आज आयेंगे पीएम मोदी, करेंगे रोड शो

## आदिवासियों को देंगे 24 हजार करोड़ की योजना का तोहफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को रांची आ रहे हैं। वह विशेष विमान से रात आठ बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और रोड शो करते हुए राजभवन तक जायेंगे। इसके बाद 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर वह आदिवासियों को सशक्त बनाने के लिए एक बड़े कदम के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) विकास मिशन शुरू करेंगे। आजादी के बाद अपनी तरह के इस पहले मिशन में मोदी सरकार जनजातीय गौरव दिवस पर पीवीटीजी के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए 24 हजार करोड़ रुपये की योजना शुरू करेगी। इसके अलावा पीएम मोदी झारखंड समेत देश के लिए कई अन्य योजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे।

**11 मंत्रालयों की योजनाएं होंगी एकसाथ :** प्राप्त जानकारी के अनुसार पीवीटीजी के लिए योजना को नौ मंत्रालयों के 11 हस्तक्षेपों के अभिसरण के माध्यम से कार्यान्वित किया जायेगा। उदाहरण के लिए, पीएमजीएसवाइ, पीएमजीएवाइ, जल जीवन मिशन आदि के तहत। दूरस्थ बसावटों को कवर करने के लिए कुछ योजना मानदंडों में ढील दी जायेगी। इसके अलावा, पीएमजेएवाइ, सिकल सेल रोग उन्मूलन, टीबी उन्मूलन, 100% टीकाकरण, पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम पोषण, पीएम जन धन योजना आदि का कार्यान्वयन भी सुनिश्चित किया जायेगा।



### प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा संग्रहालय भी जायेंगे

नये कार्यक्रम के मुताबिक, प्रधानमंत्री 14 नवंबर को राजभवन में डिनर और रात्रि विश्राम करेंगे। 15 नवंबर को खूंटी जाने से पहले प्रधानमंत्री रांची के जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा संग्रहालय जायेंगे। करीब 15 से 20 मिनट संग्रहालय में समय व्यतीत करने के बाद प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातू जायेंगे।

### पीएम का मिनट टू मिनट कार्यक्रम

**14 नवंबर**

- रात्रि 8 बजे विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आगमन
- 8.10 बजे एयरपोर्ट से राजभवन के लिए प्रस्थान
- 8.30 बजे राजभवन आगमन, रात्रि का भोजन और विश्राम

**15 नवंबर**

- सुबह 9.30 बजे जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा संग्रहालय में आगमन
- 10.30 बजे खूंटी स्थित बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिस्सा लेंगे
- 11.30 बजे खूंटी में ही पीएम जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

## पीएम मोदी का रांची-खूंटी दौराः कार्यक्रम स्थल पर छह आइएएस और पांच आइपीएस प्रतिनियुक्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेंद्र मोदी के रांची-खूंटी दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थलों पर छह आइएएस और पांच आइपीएस प्रतिनियुक्त किये गये हैं। प्रधानमंत्री का 14-15 नवंबर को बिरसा मुंडा मेमोरियल रांची, उलीहातू खूंटी और बिरसा कॉलेज मैदान खूंटी में कार्यक्रम है। कार्यक्रमों के संचालन, प्रोटोकॉल और सुरक्षा निर्धारित मापदंड के अनुसार सभी वरीय अफसर की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है।

**सुरक्षा को लेकर 2000 पुलिस जवानों की तैनाती :** गौरतलब है कि राज्य स्थापना दिवस यानी 15 नवंबर को पीएम नरेंद्र मोदी रांची और खूंटी में चार स्थानों पर कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। पीएम की सुरक्षा में रांची एयरपोर्ट से लेकर खूंटी तक आइपीएस, डीएसपी सहित 2000 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहेंगे। पीएम के कार्यक्रम में सुरक्षा के साथ-साथ दूसरे इंतजामों में कोई कमी न रह जाये, इसके लिए झारखंड पुलिस अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

### एसपीजी की टीम ने लिया जायजा

रांची और खूंटी के सभी कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा को लेकर एसपीजी से लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय ने मिल कर तैयारी की है। बीते 11 नवंबर को एसपीजी की टीम ने रांची एयरपोर्ट और खूंटी के दोनों कार्यक्रम स्थलों का जायजा भी लिया। कार्यक्रम स्थल को छह जोन में बांटा गया है। हर जोन में सुरक्षा का प्रभार आइपीएस अधिकारियों के जिम्मे है। आपातकालीन स्थिति के लिए प्रधानमंत्री के लिए दो कारकेड की भी व्यवस्था गयी है। कारकेड में बुलेट प्रूफ वाहन रहेंगे। मंच से हेलीपैड तक जाने के रास्ते को जोन पांच में रखा गया है। यह जोन नो मैंस लैंड की तरह होगा। इस रास्ते पर किसी को आने की इजाजत नहीं होगी।

### किनको कहां किया गया प्रतिनियुक्त

- भगवान बिरसा मुंडा मेमोरियलः आइएएस वंदना दादेल, अजयनाथ झा, रणेंद्र कुमार और आइपीएस मुरारीलाल मीणा।
- बिरसा कॉलेज मैदान खूंटीः आइएएस कृपानंद झा और आइपीएस मनोज कौशिक।
- बिरसा मुंडा का जन्मस्थल उलीहातूः आइएएस प्रवीण टोप्पो और आइपीएस एवी होमकर।
- खूंटी स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनीः आइएएस जितेंद्र सिंह और आइपीएस अखिलेश झा।

### न्यूज रील्स

#### हैदराबाद में बिल्डिंग में आग, 9 की मौत

हैदराबाद। हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में एक अपार्टमेंट में आग लगने से नौ लोगों की मौत हो गयी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना सोमवार सुबह की है। प्रशासन ने अब आग पर काबू पा लेने का दावा किया है। इमारत में बने गराज में एक कार रिपेअर की जा रही थी। इसी दौरान चिनगारियां उठीं, जो पास रखे केमिकल के ड्रम पर गिर गयीं। इससे आग भड़क गयी और ऊपर की चार मंजिलें इसकी चपेट में आ गयीं।

#### हरियाणा में बनेगा खतरनाक हथियार

चंडीगढ़। स्वीडन की फेमस डिफेंस और एयरोस्पेस कंपनी साब ने भारत की रक्षा परियोजनाओं में 100 फीसदी के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) की मंजूरी हासिल कर ली है। इसके बाद दुनिया का सबसे खतरनाक हथियार हरियाणा में तैयार किया जायेगा। इस हथियार का नाम कार्ल गुस्ताफ एम 4 है। ये ऐसा हथियार है, जिससे कई अलग-अलग तरह के गोले दागे जा सकते हैं।

#### भारत-पाक सरहद पर 'त्रिशक्ति प्रहार' शुरू

जैसलमेर। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास सोमवार को तीनों सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास 'त्रिशक्ति प्रहार' शुरू हुआ। जैसलमेर के रेगिस्तान में 13 दिन तक चलने वाले युद्धाभ्यास में आर्मी, एयरफोर्स और नेवी के 30 हजार सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। इसमें तीनों सेनाएं तालमेल कर अभ्यास कर रही हैं।

#### जेपी नड्डा की बुआ का निधन

कुल्लू। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की बुआ गंगा देवी का 104 साल की उम्र में निधन हो गया। गंगा देवी ने हिमाचल के कुल्लू स्थित शास्त्री नगर में सोमवार सुबह आखिरी सांस ली। बुआ की अंतिम विदाई देने के लिए जेपी नड्डा भी दोपहर के डेढ़ बजे कुल्लू पहुंचे।

## उत्तरकाशी टनल हादसाः झारखंड के 13 मजदूर समेत 40 फंसे

36 घंटे से हैं फंसे हुए, सभी सुरक्षित, खाना-पानी भेजा जा रहा, रेस्क्यू जारी

स्टील पाइप के जरिये लोगों को निकालने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में दीपावली के दिन तड़के चार बजे एक निर्माणाधीन टनल धंस गयी, जिसमें 40 मजदूर फंस गये। इनमें 13 मजदूर झारखंड के और पांच ओड़िशा के हैं। चारधाम प्रोजेक्ट के तहत यह टनल ब्रह्मकमल और यमुनोत्री नेशनल हाइवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच बनायी जा रही है। फंसे हुए मजदूर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आइटीबीपी, बीआरओ और नेशनल हाइवे के दो सौ से ज्यादा लोग 36 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी मजदूर सुरक्षित हैं। उनसे वॉकी-टॉकी के जरिये संपर्क किया गया है। खाना-पानी पहुंचाया जा रहा है।

नेशनल हाइवे एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचआइडीसीएल) ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी कर बताया कि मलबा हटाने के दौरान टनल के ऊपर से मिट्टी और पत्थर गिर रहे हैं। इससे रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही थी। हालांकि इन्हें शॉटक्रीट के जरिये रोकने का प्रयास किया जा रहा है। टनल के अंदर एक मीटर लंबी स्टील पाइप की मदद से मजदूरों को निकालने का प्लान है। इसके तहत मजदूरों तक पहुंचने के लिए हाइड्रोलिक जैक की मदद से 900 एमएम व्यास की स्टील पाइप डाली जायेगी। अधिकारियों ने बताया कि हम टनल के अंदर 15 मीटर तक जा चुके हैं और लगभग 35 मीटर और अंदर जाना है। देर रात तक मजदूरों से संपर्क हो गया। सभी मजदूर सुरक्षित हैं। उन्हें पाइप के जरिये ऑक्सीजन और खाना-पानी पहुंचाया जा रहा है।



### टनल में फंसे झारखंड के मजदूर

विश्वजीत कुमार (पिता- हेमलाल महतो, पता- ग्राम : सिमराढाब), सुबोध कुमार (पिता- बुधन कुमार, पता- ग्राम : सिमराढाब), अनिल बेदिया (पिता- चकरू बेदिया, पता- खिराबेरा, रांची), श्राजेंद्र बेदिया (पिता- श्रवण बेदिया, पता- खिराबेरा, रांची), सुकराम (पिता- बढ़न बेदिया, पता- खिराबेरा, रांची), टिंकू सरदार (पिता- बोनू सरदार, पता- डुमरिया), गुनोधर (पिता- चंद्रमोहन, पता- मणिकपुर, बाराबोतला), रनजीत (पिता- रिसलपाल लोहार, पता- माणिकपुर, बाराबोतला), रविंद्र (पिता- धनंजय नायक, पता- मणिकपुर, डुमरिया), समीर (पिता- संतोष नायक, पता- बंकीसोल, डुमरिया), महादेव (पिता- घासी राम नायक, पता- चेलाबेड़ा पश्चिमी सिंहभूम), भुक्तू मुर्मू (पिता- बसेत मुर्मू, पता- कुंडालुका, बंकीसोल), चमरा उरांव (पिता- भगतु उरांव, पता - ग्राम : लरता, कर्रा)।

### मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमिकों की मदद के लिए झारखंड से टीम रवाना

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद उत्तराखंड हादसे में फंसे झारखंड के श्रमिकों को सहायता प्रदान करने के लिए तीन सदस्यीय टीम उत्तराखंड रवाना हो गयी है। टीम में जैप आइटी के सीइओ भुवनेश प्रताप सिंह, ज्वाइंट लेबर कमिश्नर राजेश प्रसाद एवं ज्वाइंट लेबर कमिश्नर प्रदीप रॉबर्ट लकड़ा शामिल हैं। इन श्रमिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने हेतु और घटना स्थल पर भ्रमण करने एवं समय-समय पर अद्यतन स्थिति से दूरभाष पर अवगत कराने का निर्देश टीम को दिया गया है।



#### सीएम ने सकुशल वापसी की कामना की

गौरतलब है कि रविवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में निर्माणाधीन टनल के अचानक धंस जाने से कुल 40 श्रमिक टनल में फंस गये हैं, जिसमें 15 श्रमिक झारखंड के भी हैं। मुख्यमंत्री ने टनल में फंसे हुए सभी श्रमिकों की कुशलता की कामना की है।

## स्थापना दिवस पर पीएम मोदी का झारखंड आना ऐतिहासिक : मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला, कहा- राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड राज्य के लिए इस बार के 15 नवंबर को बेहद खास बताया है। प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी झारखंड आ रहे हैं, जो बेहद विशिष्ट है। इस राज्य का गठन पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया। बाबूलाल ने कहा कि उनके और भाजपा नेताओं (केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, वर्तमान में ओड़िशा के गवर्नर रघुवर दास) के कार्यकाल में झारखंड का विकास खूब हुआ। पहले जो नक्सली समस्या थी, उस पर लगाम लगाते हुए कई काम हुए। इस पर किताब लिखी जा सकती है। अब भी केंद्र में मोदीजी की सरकार में इस राज्य के विकास के लिए कई काम हो रहे हैं। झारखंड के स्थापना दिवस पर अब मोदीजी का यहां आना वाकई खास है।



**हेमंत सरकार में जनता त्रस्त :** बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां भाजपा के शासन में गांव-गांव में सड़क पहुंची, बिजली सुविधा मिली, युवाओं को पुलिस, दरोगा और दूसरी सेवाओं में जाने का मौका मिला, वहीं हेमंत सरकार में केवल धोखाधड़ी देखने को मिली है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। इडी ने हेमंत सरकार को 10 लोगों के खिलाफ एफआइआर करने को कहा, पर सरकार ने लगता है कि इडी के लेटर को कहीं अलमारी में बंद कर दिया है। भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार मामले में कैसे एक्शन लेंगे। वे खुद पूरी तरह से भ्रष्टाचार के दलदल में धंसे हैं। इडी उन्हें भी पांच बार समन दे चुकी है, पर वे उपस्थित नहीं हो रहे। इससे सवाल खड़ा होता है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,000 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# कड़िया, यशवंत और रामटहल की राजनीति ने सिखाये कई सबक

## एक ने पार्टी को सबसे ऊपर रखा, तो बाकी दो ने निजी हितों को दी तरजीह

## पार्टी के प्रति समर्पण ने एक को बड़ा बनाया, तो बाकी दो भीड़ में गुम हो गये

आजाद सिपाही विशेष


**राजनीति में धैर्य, संयम, समर्पण, वफादारी और खुद पर भरोसा सबसे जरूरी है। जो इन मंत्रों को समझ गया, वह समझो राजनीतिक मैदान में आधी जंग जीत गया। हर राजनीतिक शख्सियत किसी न किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़ा है, उसकी विचारधारा से जुड़ा है और उसी के अनुरूप खुद को ढालता है। कोई भी व्यक्ति बिना कारण राजनीति या किसी भी कार्य क्षेत्र में यूं ही नहीं आता। सभी की अपनी-अपनी इच्छाएं होती हैं, महत्वाकांक्षाएं होती हैं। कुछ राजनेताओं को बहुत जल्द सफलता मिल जाती है, कइयों को बहुत देर से। ऐसे भी कई उदाहरण हैं कि जिन नेताओं को जल्द सफलता मिली, वे पार्टी को अपनी जागीर समझने लगे या टेकेन फॉर ग्रांटेड लेने लगे। अर्थात उनका जो दिल चाहा, वही होना चाहिए। अगर पार्टी उनकी बात नहीं मानेगी, तो ठेंगा दिखा देंगे। ऐसे कई राजनेता हुए, जिन्हें पार्टी ने सब कुछ दिया, लेकिन जब पार्टी को पार्टीहित के लिए उनसे कुछ लेने की बारी आयी, तो उसे ठेंगा दिखा दिया। लेकिन कई ऐसे भी राजनेता हुए, जिन्होंने लगातार जीत हासिल की, हार का मुंह नहीं देखा, लेकिन जब पार्टी को लगा कि अब दूसरे को मौका देने की जरूरत है, तो वह नेता पार्टी के उस फैसले के साथ खड़ा रहा, पाला नहीं बदला। ऐसे लोगों से ही पार्टी की जड़ें मजबूत होती हैं। पार्टी को भी चाहिए कि वह ऐसे वफादार और समर्पित लोगों को अपने से दूर न होने दे। जी हां, आज हम बात कर रहे हैं, झारखंड के तीन ऐसे राजनीतिक शख्सियत की, जिनका पॉलिटिकल करियर शिखर पर पहुंचा। पार्टी ने उन्हें पलकों पर बिठाया, पद दिया, प्रतिष्ठा दी। बदलते समय और राजनीतिक हालात के कारण जब पार्टी को लगा कि अब उन्हें पार्टी के लिए त्याग करना चाहिए, तो तीन में से दो नेताओं ने पार्टी को बाय-बाय कर दिया। एक ऐसा भी शख्स है, जिसने पार्टी की बात मानी, अपने मोह को त्यागा और पार्टी के लिए समर्पण की भावना को आगे रखा। हम बात कर रहे हैं भाजपा के रामटहल चौधरी, यशवंत सिन्हा और रामटहल चौधरी की। इन तीन राजनेता से झारखंड के नेताओं को बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। कैसे आठ बार के सांसद कड़िया मुंडा ने 2019 में टिकट कटने के बावजूद भाजपा का साथ नहीं छोड़ा। वहीं कैसे पांच बार रांची से सांसद रहे रामटहल चौधरी और तीन बार हजारीबाग से सांसद, भारत सरकार में वित्त मंत्री रह चुके यशवंत सिन्हा ने सब्र और धैर्य को खो दिया। कैसे उनकी नजर में भाजपा खराब और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुश्मन बन गये। आज लोगों की नजर में इन तीनों नेताओं की क्या पहचान है, क्या आदर और सम्मान है, और इसे देखते हुए कैसे झारखंड के दिग्गज नेता रहे कड़िया मुंडा, रामटहल चौधरी और यशवंत सिन्हा के राजनीतिक सफर से सबक लेने की जरूरत है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

कहते हैं कोई भी चीज स्थायी नहीं होती। परिवर्तन ही संसार का नियम है। एक जाता है, तो दूसरा आता है। किसी के लिए भला दुनिया रुकी है। राजनीति में भी यही नियम लागू होता है। समय के साथ राजनेताओं को भी अपने अंदर झांकने की जरूरत होती है। आज हम बात कर रहे हैं, भाजपा के उन तीन नामचीन नेताओं की, जिनका स्थान झारखंड की राजनीति में बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। लेकिन महत्वाकांक्षा के चक्कर में कोई भीड़ में खो गया, तो कोई आज भी सम्मान के साथ पार्टी का चहेता बना है। जो लोग पार्टी छोड़ गये, उसका नुकसान पार्टी को कितना हुआ, यह कहना मुश्किल है, लेकिन उनका काफी नुकसान हुआ, यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। रामटहल चौधरी और यशवंत सिन्हा को जब टिकट नहीं मिला, तो उन्होंने पार्टी को ही त्याग दिया, वहीं जब कड़िया मुंडा का टिकट काट कर अर्जुन मुंडा को पार्टी ने टिकट दिया, तो उन्होंने अर्जुन मुंडा को जीत का आशीर्वाद तक दिया। कभी जनता के सिरमौर रहे ये नेता आज किस हाल में हैं और इनसे क्या कुछ सीखने की जरूरत आज के नेताओं को है, आइये समझते हैं।

### कड़िया मुंडा को मिल रहा नेताओं-कार्यकर्ताओं का सम्मान

साल 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, मैं जब भाजपा में कार्यकर्ता के रूप में काम करता था, तब कड़िया मुंडा जी की उंगली पकड़ कर मैंने राजनीति सीखी। कड़िया मुंडा एक ऐसे आदिवासी नेता हैं, जो आठ बार सांसद रह चुके हैं। वह आपातकाल के दौर से लगातार आठ बार खूंटी से सांसद बने। 1977 में खूंटी संसदीय क्षेत्र से पहली बार लोकसभा चुनाव जीते। कड़िया मुंडा भारतीय जनता पार्टी के उन वरिष्ठ नेताओं में से हैं, जिनकी राजनीतिक शुरुआत जनसंघ के दिनों से हुई। उन्होंने भारतीय राजनीति में कई उतार-चढ़ाव देखे। वह खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से साल 1977, 1989, 1991, 1996, 1998, 1999, 2009 और 2014 में


लोकसभा सदस्य के रूप में चुने गये। झारखंड विधानसभा चुनाव 2005-2009 में वह विधायक के रूप में चुने गये। कड़िया मुंडा को देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक पद्म भूषण से भी नवाजा गया है। कड़िया मुंडा 13वीं लोकसभा के सदस्य रहे हैं। वह भारत सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। कड़िया मुंडा 15वीं लोकसभा के उपाध्यक्ष भी बनाये गये थे। लेकिन एक बार जब पार्टी का आदेश हुआ कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कड़िया मुंडा की जगह अर्जुन मुंडा को टिकट दिया जाये, तो कड़िया मुंडा ने देर किये बिना अर्जुन मुंडा को अपना आशीर्वाद दे दिया। भले ही अर्जुन मुंडा खूंटी से महज 1045 वोट से जीते हों, लेकिन कड़िया मुंडा का जलवा आज भी उनके क्षेत्र में बरकरार है। उस क्षेत्र के लोग आज उनके बेटे जगरनाथ मुंडा को भविष्य के नेता के रूप में देख रहे हैं। उन्हें सम्मान दे रहे हैं। जगरनाथ मुंडा भी उस क्षेत्र में काफी एक्टिव हैं। यहां बता दें कि कड़िया मुंडा ने अपने बेटे को पार्टी के ऊपर कभी थोपा नहीं। उन्होंने पार्टी के निर्देश को ससम्मान माना। पार्टी को लगेगा कि जगरनाथ मुंडा का भाजपा में भविष्य है, तो पार्टी उन्हें जरूर मौका देगी। वैसे जिसमें हुनर होता है, जनता जिसके साथ होती है, वह किसी का मोहताज नहीं होता। वह अपना रास्ता खुद निकाल लेता है। खूंटी में जगरनाथ मुंडा का नाम बहुत जोर-शोर से उठ रहा है।

### पार्टी से खुद को ऊपर समझने की भूल कर बैठे रामटहल चौधरी

पांच बार भाजपा के टिकट पर रांची से सांसद रह चुके रामटहल चौधरी ने 2019 में लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर बगावती रुख अख्तियार कर लिया। भाजपा की ओर से रांची संसदीय सीट के लिए प्रत्याशी के नाम का एलान करने से पहले ही रामटहल चौधरी ने घोषणा कर दी थी कि भाजपा उन्हें टिकट दे या नहीं दे, वह हर हाल में चुनाव लड़ेंगे। रामटहल चौधरी का मानना था कि उनकी मेहनत की बदौलत ही रांची लोकसभा क्षेत्र में पार्टी नंबर वन बनी है। यहां से उनके अलावा कोई अन्य भाजपा नेता चुनाव जीत ही नहीं सकता। उन्होंने बिना किसी का नाम लिये भाजपा के कुछ पदाधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा था कि आज यहां बैठे कुछ लोग पद पाकर अहंकार में डूब गये हैं और साजिश के तहत जनसंघ से जुड़े पुराने लोगों को अलग-थलग करने में जुटे हुए हैं। रामटहल चौधरी का कहना था कि उनको टिकट नहीं देना था, तो उनके बेटे को टिकट मिलना चाहिए था, क्योंकि वही इस सीट को निकाल कर दे सकते हैं। लेकिन क्या रामटहल की यह सोच सही थी। क्या कोई नेता पार्टी से बड़ा हो सकता है। नहीं हो सकता। रामटहल चौधरी को जिस बात का गुमान था, वह उसी चुनाव में टूट गया। रामटहल चौधरी निर्दलीय चुनाव लड़े और जमानत भी नहीं बचा सके। भाजपा ने उनकी जगह रांची से संजय सेठ को टिकट दिया था। उन्हें कुल सात लाख छह हजार आठ सौ 28 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय को चार लाख 23 हजार आठ सौ दो मत हासिल हुए तो वहीं ओवर कांफिडेंट और रामटहल चौधरी की जमानत जब्त हो गयी।

### यशवंत सिन्हा राजनीति के शिखर से फर्श पर

अटल सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे यशवंत सिन्हा की आदत हमेशा से ही खुल कर बोलने की रही। यशवंत सिन्हा ने साल 1960 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में कदम रखा। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी में उनकी पारी साल 1996 से शुरू हुई, जब वह जून 1996 में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता बने। साल 1998, 1999 और 2009 में हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर लोकसभा में पहुंचे। वह साल 1998 में वित्त मंत्री बने तो एक जुलाई 2002 को विदेश मंत्री के पद पर पहुंचे। भाजपा के साथ उनके राजनीतिक सफर का अंत साल 2018 में हुआ। उस वक्त उन्होंने पार्टी की स्थिति का हवाला देते हुए भाजपा छोड़ दी। पार्टी छोड़ते हुए यशवंत सिन्हा ने कहा था कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। उसके बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले 13 मार्च 2021 को टीएमसी में शामिल हो गये। 15 मार्च 2021 को उन्हें ममता बनर्जी की नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया गया। साल 2022 के राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें सर्वसम्मति से विपक्ष की तरफ से एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया। उनके नाम का प्रस्ताव टीएमसी चीफ ममता बनर्जी ने किया था। यहां समझने वाली बता यह है कि भाजपा ने यशवंत सिन्हा को भी हर वो सम्मान दिया, जिसे वह डिजर्व करते थे। लेकिन यशवंत सिन्हा उतने में खुश नहीं थे। पार्टी ने उनके पुत्र को सांसद और मंत्री भी बनाया, लेकिन यशवंत सिन्हा की महत्वाकांक्षा इतनी अधिक थी कि उन्होंने अपने पुत्र के करियर को भी दांव पर लगा दिया। यशवंत सिन्हा अपनी शर्तों पर जीनेवाले व्यक्ति हैं। अगर आज भी वह भाजपा में होते, तो पार्टी के लिए हितकर ही होते। लेकिन कहते हैं कि राजनीति में धैर्य, संयम, समर्पण, वफादारी और खुद पर भरोसा सबसे जरूरी होता है। आज लोगों की नजर में यशवंत सिन्हा का मान-सम्मान वैसा नहीं है, जैसा कड़िया मुंडा का।

# राजनीतिक हलचल

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने फिर उगला जहर | दुनिया में कभी चार हाथ वाला बच्चा पैदा नहीं हुआ



सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सोशल मीडिया साइट पर एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में किसी भी नस्ल और जाति में दो हाथ वाले बच्चे पैदा होते हैं, तो चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो गयीं। अगर आपको पूजा करनी ही है तो अपनी पत्नी की करें, जो कि पूरी निष्ठा से पूरे परिवार की देखभाल करती है। उनके इस बयान पर कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद के मुंह में बवासीर हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध कर कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बोलने पर पाबंदी लगायी जाये।

## राहुल का दावा, एमपी में कांग्रेस क्लीन स्वीप करेगी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एमपी के नीमच में चुनावी रैली की। रैली के दौरान भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने भाजपा पर प्रहार किया। जनता से उन्होंने सवाल किया है कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे का वीडियो आपने देखा है। यहां चोरी की होड़ मची है। राहुल गांधी ने कहा कि बड़े-बड़े उद्योगपति रोजगार नहीं देते हैं। छोटे व्यापारी और किसान रोजगार देते हैं। इनकी सरकार में इन पर आक्रमण हुआ है। आपको नोटबंदी से कोई फायदा हुआ है। नोटबंदी का फायदा हिंदुस्तान के अरबपतियों को हुआ है। अडानी देश के सारे एयरपोर्ट ले गये। किसान बिल के खिलाफ पूरे किसान खड़े हो गये। राहुल गांधी ने कहा कि ये लोग मध्यप्रदेश के युवाओं को रोजगार नहीं दे सकते हैं। कभी मोबाइल या कैमरा के पीछे मेड इन मध्यप्रदेश देखा है। हमारी सरकार आने के बाद यहां के लाखों-करोड़ों युवा बेरोजगार नहीं रहेंगे। आपका 18 साल बर्बाद हो गया। उन्होंने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा



कि वह झूठ बोलते हैं। यह शर्म की बात है, मध्यप्रदेश में कोई फैक्ट्री नहीं खुली है। उनके पास जीरो शर्म है। राहुल गांधी ने कहा कि हमने पिछली बार किसानों से कर्ज माफी का वादा किया था। हमने कर दिया। चुनाव के बाद गैस सिलेंडर मध्य प्रदेश में 500 रुपये हो जाएगा। हम किसानों के दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ कर देंगे। साथ ही राहुल गांधी ने दावा किया कि एमपी में कांग्रेस भारी बहुमत से जीतेगी और सरकार बनायेगी। राहुल गांधी ने कहा कि मैंने जब से जातिगत जनगणना की बात शुरू की है, तब से नरेंद्र मोदी कहने लगे हैं कि भारत में सिर्फ एक जाति गरीब है। उन्होंने कहा कि जब मैं जनगणना की बात करता हूं तो नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मैं ओबीसी हूं। वह देश में सिर्फ इकलौते ओबीसी हैं। राहुल गांधी ने कहा कि एमपी में 53 अफसर सरकार चलाते हैं, उनमें से सिर्फ एक ओबीसी है। इसके साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि एमपी में कांग्रेस स्वीप करने जा रही है। भारी बहुमत के साथ हमारी सरकार आयेगी।

## कांग्रेस सत्ता के लिए सोने का महल बनाने का वादा कर सकती है, लेकिन सोना निकलेगा कहां से, आलू से : पीएम मोदी

मध्यप्रदेश के बड़वानी में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं सबसे पहले एमपी बीजेपी को बधाई देता हूं क्योंकि उन्होंने जो संकल्प पत्र जारी किया है वह राज्य को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। यह संकल्प पत्र आप लोगों को नयी जिंदगी देने वाला है। पीएम ने कहा कि ये हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है कि भाजपा जो कहती है वह पूरा करती है। बड़वानी में आदिवासी वोटर्स को साधते हुए पीएम ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का मौका हमें मिला। पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस है, जो अपनी खाली तिजोरी भरने के लिए एमपी पर कब्जा करना चाहती है। पीएम मोदी को कांग्रेस वाले इसलिए गाली देते हैं कि मैं चोरी का पैसा पकड़ता हूं। मुझे



ऐसा करने की प्रेरणा आपके प्रेम के कारण मिलती है। दूसरी तरफ बीजेपी है जिसका संकल्प है राष्ट्र मिशन। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता देखिए, पांच राज्य में चुनाव हैं। मुझे हर जगह जाना है, पर मैं दिवाली के दिन सीमा पर जवानों के साथ था। पीएम मोदी ने कहा कि आपके एक वोट के कारण आज दुनिया में भारत की जय-जयकार हो रही है। आपका एक वोट मध्यप्रदेश को मजबूत बना सकता है। आप बीजेपी को मजबूत करिए मैं मध्यप्रदेश को मजबूत करूंगा। पीएम ने कहा, एमपी में एक नया नारा निकला है। कांग्रेस आई तबाही लाई। कांग्रेस सत्ता में आने के लिए सोने का महल देने की भी घोषणा कर सकती है। राहुल गांधी के एक बयान पर तंज कंसते हुए पीएम ने कहा कि कांग्रेस, आलू से सोना निकालेगी।




| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 28.4 °c | 17.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.06 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.01 बजे | |



# पीएम मोदी के आगमन पर मनायें दिवाली

## सांसद संजय सेठ ने की अपील, दीप और मोबाइल का टॉर्च जला कर पीएम को कहें जोहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजातीय गौरव दिवस में भाग लेने के लिए झारखंड आ रहे हैं। मंगलवार (14 नवंबर) को पीएम मोदी झारखंड की राजधानी रांची पहुंचेंगे। यहां लोग अपने घरों की छतों पर दीये जलायेंगे और जब पीएम मोदी रोड शो करते हुए राजभवन की ओर बढ़ेंगे, तो बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन तक दोनों किनारे खड़े लोग अपने मोबाइल का टॉर्च जला कर प्रधानमंत्री को जोहार कहेंगे। संजय सेठ ने रांची में रह रहे लोगों से अपील की है कि प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करें।

**इस तरह करें पीएम मोदी का स्वागत :** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर रात को 8:00 बजे उतरेंगे। वहां से राजभवन के लिए प्रस्थान करेंगे और हिनू चौक, बिरसा चौक, डीपीएस चौक, अरगोड़ा चौक, हरमू चौक, सहजानंद चौक, रातू रोड चौक होते हुए प्रधानमंत्री राजभवन जाएंगे। मेरी शहर के लोगों से अपील है कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए अपने-अपने घरों के बाहर रंगोली बनायें। सड़कों पर रंगोली बनायें अपने-अपने घरों की छतों पर, सड़क के दोनों किनारे खड़े होकर मोबाइल का टॉर्च जला कर पीएम को जोहार कहें।

### झारखंड के लिए गौरव का दिन, करें पीएम का स्वागत : संजय सेठ



सांसद ने कहा कि अभी हमने दीपावली मनायी है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर भी दीपावली मनायेंगे। यह झारखंड के लिए गौरव का दिन है। इसलिए पीएम का स्वागत करें।

## पीएम मोदी का रांची-खूंटी दौरा में रांची डीटीओ ने स्कूलों से मांगी बसें

रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 और 15 नवंबर को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस मुख्यालय और झारखंड मंत्रालय तैयारियों में जुटे हैं। इसको लेकर रांची डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने राजधानी के स्कूलों से बसों की मांग की है। जारी पत्र में रांची डीटीओ ने लिखा कि उलिहातू और खूंटी जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को लाने और ले जाने के लिए बड़े वाहनों की आवश्यकता है। उन्होंने सभी स्कूलों से दोपहर तीन बजे तक खूंटी जिला मैदान में बस लगाने को कहा है।

**डीटीओ ने इन स्कूलों से मांगी है बस :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, संत थोमस स्कूल धुर्वा, संत अंथोनी स्कूल डोरंडा, संत ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, सेक्रेट हार्ट स्कूल, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, रातू, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, धुर्वा, कैम्ब्रिज स्कूल टाटसील्वे, बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा, बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल नामकुम, बिशप वेस्टकॉट ब्यॉज स्कूल नामकुम, डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू, डीएवी कपिलदेव, डीएवी हेहल, डीएवी, सेक्टर-3, डीएवी नागेश्वर चंदाघासी हटिया, डीएवी पुंदाग, डीएवी नंदराज लालपुर, डीएवी नंदराज बूटी मोड, डीएवी निरजा सहाय स्कूल कांके, डीएवी गांधीनगर, डीपीएस सेल टाउनशिप स्कूल, फिरायालाल पब्लिक स्कूल मेन रोड, संत अन्ना स्कूल पुरुलिया रोड, गुरुनानक हाइस्कूल पीपी कंपाउंड, होली चाइल्ड स्कूल हेहल, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली, केराली सेक्टर-2, लेडी केसी राय मेमोरियल स्कूल रातू, लाला लाजपत राय, बाल मंदिर सी सेकेंडरी स्कूल पुंदाग, सुरेंद्रनाथ सेनेटरी स्कूल हजारीबाग रोड,ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल चुटिया, सफायर इंटरनेशनल स्कूल नामकुम और संत मेरी स्कूल।

## प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

**बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन तक रात आठ बजे से रात 10:30 बजे तक आम वाहन नहीं चलेंगे**



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचेंगे। इसे लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किये गये हैं। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मंगलवार रात आठ बजे से रात 10:30 बजे तक कुछ मार्ग पर पाबंदी लगायी गयी है। प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, हिनू चौक, बिरसा चौक, सेटेलाइट चौक, अरगोड़ा चौक, ,बिरसा चौक, सेटेलाइट चौक, अरगोड़ा चौक, न्यू मार्केट चौक होते हुए राजभवन जायेंगे। इस दौरान इन सड़कों पर दूसरे वाहनों के चलने पर पाबंदी रहेगी।

**15 नवंबर को राजभवन से जेल मोड़ होते एयरपोर्ट तक 10:30 बजे पूर्वाह्न तक बंद :** ट्रैफिक एसपी ने बताया कि 15 नवंबर को कारकेड के दौरान राजभवन से रणधीर वर्मा चौक, एसएसपी आवास चौक, कचहरी चौक से जेल मोड़ तक पुनः जेल मोड़ से एसएसपी आवास चौक, हॉटलिप्स चौक, न्यू मार्केट चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक, बिरसा चौक, हिनू चौक होकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट तक सामान्य यातायात को कारकेड की सुरक्षा के मद्देनजर समय सुबह आठ बजे 10:30 बजे पूर्वाह्न तक बंद करते हुए आवश्यकतानुसार कारकेड बढ़ने पर खोल दिये जाएंगे। जेल संग्रहालय में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर लालपुर चौक से जेल चौक, कचहरी चौक एवं जाकिर हुसैन पार्क से कचहरी चौक , जेल चौक की ओर आने वाले वाहन शहीद चौक, फिरायालाल चौक होकर गंतव्य तक जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि कारकेड के आगे बढ़ने के बाद पिछले रास्तों और अन्य चौक को आवश्यकता आधारित यातायात को खोला जायेगा। प्रधानमंत्री के कारकेड चलने के दौरान कांके रोड से हरमू रोड होकर बिरसा चौक जाने वाले वाहन कांके रिंग रोड होकर नया सराय के रास्ते गंतव्य तक जाने जा सकेंगे। एसपी ने बताया कि कारकेड चलने के दौरान पिस्का मोड़ से रातू रोड की ओर आने वाले वाहन रिंग रोड, कांके रोड, राम मंदिर, मोरहाबादी, बरियातू रोड से गंतव्य तक जा सकेंगे। एसपी ने बताया कि प्रधानमंत्री के कारकेड चलने के दौरान धुर्वा के तरफ से बिरसा चौक होकर हिनू की ओर जाने वाले वाहन धुर्वा से सिंह मोड़, सदाबहार चौक, डोरंडा होकर गंतव्य तक जा सकेंगे। एसपी ने बताया कि 14 और 15 नवम्बर को हवाई यात्रियों को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचने और एयरपोर्ट से अपने गंतव्य तक जाने के लिए अतिरिक्त चार वैकल्पिक मार्गों को चिन्हित किया गया है। इनमें हेथू तुम्बागुटू करमटोली- कुम्हार कुटिया चौक (तूफानी इंक्लेव) मार्ग भाया रिंग रोड खरसीदाग और दूसरी ओर सदाबहार चौक, नामकुम शामिल है। साथ ही हेथू - तुंबागुटू - बड़काटोली, चंदाघासी भाया भुसूर (प्राथमिक विद्यालय, भुसूर) मार्ग भाया रिंग रोड और आर्मी एविएशन कैंप एयरपोर्ट मैदान पोखरटोली नीम चौक- ख्वाजानगर मनी टोला भाया डोरंडा मार्ग शामिल है। इसके अलावा सिंह मोड़ - लटमा रोड होते हुए हेथू बिरसा मुंडा एयरपोर्ट होकर यात्री जा सकेंगे। एसपी ने बताया कि इस दौरान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हरमू बाईपास होते हुए अरगोड़ा चौक, न्यू मार्केट चौक से हॉटलिप्स चौक होते हुए राजभवन तक तथा राजभवन से एसएसपी आवास चौक, कचहरी चौक होते हुए जेल रोड अवस्थित कार्यक्रम स्थल तक सड़क के दोनों ओर पर अवैध पार्किंग वर्जित होगा, पार्किंग होने की स्थिति में यातायात पुलिस की ओर से विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवा से संबंधित वाहन को आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के आधार पर मार्ग उपलब्ध कराया जायेगा।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** लम्बे समय से चली आ रही चिंताओं से मुक्ति मिलेगी, नौकरी-व्यापार में उन्नति होगी।
- **वृष** घर-गृहस्थी में सुखद व आपसी सामंजस्य का वातावरण रहेगा, परिश्रम से संकल्पित काम पूरे होंगे।
- **मिथुन** आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति, धनलाभ के अवसर बनेंगे, नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है।
- **कर्क** अनायास काम बनेंगे.आर्थिक स्थिति सुधरेगी, मान-सम्मान मिलेगा, नये लोगों से सम्पर्क।
- **सिंह** उत्साह के साथ-साथ आमदमनी विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास।
- **कन्या** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति, कामकाज अच्छा चलेगा. धनागम के अवसर बढ़ेंगे।
- **तुला** नौकरी में स्थानातंरण अथवा अधिकारियों के साथ मतभेद होने की संभावना।
- **वृश्चिक** संतान,परिवार तथा स्वजन मित्रों से सम्पर्क ठीक रहेगा,रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में सफलता।
- **धनु** आज का दिन आपके लिए प्रगतिकारक रहेगा.निराशा दूर होगी, बिगड़े कार्य बनेंगे।
- **मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, यात्रा सुखद, धन लाभ के अवसर बनेंगे।
- **कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या,शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय,खर्च अधिक होगा।
- **मीन** मानसिक चिंता बढ़ेगी, दुष्ट लोगों की संगति कष्टकारी सिद्ध होगी, दिमागी तनाव रहेगा।

## बिरसा के गांव जानेवाले पहले पीएम हैं मोदी : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जो बिरसा मुंडा के गांव जा रहे हैं यह सच्चाई है। भगवान बिरसा मुंडा हमारे आदर्श हैं, उनके जन्मदिवस पर ही हमारी सरकार की बुनियाद पड़ी है। देश के प्रधानमंत्री देश की सरकार के अग्रज हैं, हम भी उनसे उम्मीद करते हैं, झारखंड की जनता को भी प्रधानमंत्री से काफी आशाएं और अपेक्षाएं हैं। उक्त बातें रविवार को डॉ रामेश्वर उरांव काली पूजा पंडाल के उद्घाटन समारोह के दौरान मीडियाकर्मियों से कही। उन्होंने कहा झारखंड पिछड़ा इलाका है, यहां गरीब लोग रहते हैं, माइंस मिनरल से परिपूर्ण इलाका है, प्रकृति ने इस प्रदेश को धनी बनाया है, खनिज का दोहन होता है, देश मालामाल हो रहा है, पूरा भारत जगमगा रहा है हम अंधेरे में हैं। प्रधानमंत्री जी को विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि यहां के लोगों का जन जीवन उन्नत हो सके, विकास हो सके, लोग आगे बढ़ सकें। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि 23 वर्ष का झारखंड हो गया है, मतलब यह है कि हम ग्रेजुएट हो गये हैं। हेमंत सोरेन की सरकार में बहुत सारी योजनाएं बनी है जो जनकल्याणकारी हैं, इसका लाभ नीचे तबके के लोगों को, गरीबों को, आम लोगों को फायदा मिल रहा है। एक प्रश्न के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की जनता के लिए बहुत सारी योजनाओं की घोषणा करेंगे। जहां तक मेरे विभाग से संबंध है तो पिछले वित्तीय वर्ष में बजट पढ़ते समय हमने कहा था कि झारखंड के लोग अभी तक माड़ भात खाते हैं, अब समय आ गया है लोग दाल भात खाएंगे। 15 नवंबर से दाल वितरण का काम शुरू होगा। रांची लोहरदगा और दुमका तीन जिलों से दाल वितरण शुरू होगा और उसके बाद पूरे राज्य में हम लोग दाल बांटेंगे और यह चलता रहेगा। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे एवं लाल किशोर नाथ शाहदेव भी मौजूद थे।

## आतंकी शहनवाज की पत्नी और बहनों को तलाश रही एनआइए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आतंकी शहनवाज की पत्नी और दो बहनों की तलाश एनआइए कर रही है। शहनवाज मूल रूप से हजारीबाग जिला के कटकमसांडी स्थित पेलावल रोड न्यू महमूदा हाउस का रहनेवाला है। बीते 2 अक्टूबर को उसे और उसके अन्य साथियों को दिल्ली की स्पेशल सेल की टीम ने गिरफ्तार किया था। उसके पास से केमिकल पदार्थ और आइइडी बनाने में इस्तेमाल होनेवाली सामग्री मिली थी। शहनवाज की पत्नी पहले हिंदू थी। उसका धर्म बदलवा कर इस्लाम कुबूल करवाया गया। उसने अपना नाम मरियम रख लिया है। वह भी पति का साथ दे रही थी। फिलहाल शहनवाज की पत्नी और बहन अंडरग्राउंड हैं। उनकी तलाश जारी है। इस मामले में एनआइए शहनवाज को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पुणे के बहुचर्चित आतंकी आइएस मॉड्यूल मामले में जांच कर रही एनआइए की महाराष्ट्र शाखा ने हजारीबाग से आतंकी शहनवाज आलम को रिमांड पर ले लिया है। उससे मुंबई में पूछताछ चल रही है।


### क्या है पुणे का आइएसआइएस केस

इस साल 18 जुलाई को पुणे में दोपहिया चुराने के मामले में पुणे पुलिस ने शहनवाज और मध्यप्रदेश के दो लोगों- मोहम्मद इमरान खान और मोहम्मद साकी को गिरफ्तार किया था। जब पुलिस पूछताछ के लिए उन्हें उनके ठिकाने पर ले जा रही थी, तो शहनवाज पुलिस की गाड़ी से कूद कर फरार हो गया। मोहम्मद इमरान खान और मोहम्मद साकी से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों सुफा आतंकी गिरोह का हिस्सा हैं। अप्रैल 2022 में राजस्थान में एक कार में विस्फोटक मिलने के मामले में वहां की पुलिस उन्हें ढूंढ़ रही है। तब पुलिस ने इस मामले को पुणे आइएसआइएस मॉड्यूल केस नाम दिया। इस केस में पुलिस ने तीन और आतंकियों को मोस्ट वांटेड लिस्ट में रखा था। इनके नाम हैं- पुणे का तल्हा लियाकत खान, दिल्ली का रिजवान अब्दुल हाजी अली और अब्दुल्ला फैयाज शेख। शहनवाज पुणे पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया था और फिलहाल दिल्ली में रह रहा था। उस पर तीन लाख रुपये का इनाम था।












आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



## गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में बंदी छोड़ दिवस मना

# सबना का मां प्यो आप हैं...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बंदी छोड़ दिवस के मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में शाम 6:00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान की शुरूआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा सबना का मां प्यो आप है... शबद गायन से हुई। तत्पश्चात गुरु घर के सेवक मनीष मिढ़ा ने कथावाचन करते हुए साध संगत को बताया कि दीपावली के दिन सिख श्रद्धालुओं द्वारा बंदी छोड़ दिवस क्यों मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसी दिन सिख पंथ के छठे नानक श्री गुरु हरगोबिंद सिंह ने मुगल सम्राट जहांगीर की कैद में ग्वालियर के किले से 52 राजाओं को मुक्त कराया था और उन्हें लेकर पंजाब की धरती पर पहुंचे थे।



हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने साहिब बंदी छोड़ है जीवन मुकत करै ओडिना सतगुर बंदी छोड़ है... शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा। श्री आनंद साहिब के पाठ, अरदास, हुकुम नामा एवं मिष्ठान प्रसाद वितरण के साथ विशेष दीवान की समाप्ति रात 8:30 बजे हुई। इस विशेष दिवस पर सभी सिख श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा साहिब में निशान साहिब पर श्रद्धा भाव से दीप जलाये। मौके पर सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में होने वाले सभी कार्यक्रमों की लिस्ट जारी करते हुए बताया कि 14 से 23 नवंबर तक रोजाना सुबह 5.15 बजे गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी निकाली जायेगी। अंतिम दिन प्रभात फेरी कृष्णा नगर कॉलोनी से गुरु सिंह सभा, मेन रोड जायेगी। इसके साथ ही 17 से 24 नवंबर तक गुरुद्वारा में रोजाना विशेष सेवा होगी। 19 नवंबर को शाम पांच बजे से गुरुनानक भवन हॉल में श्रद्धालुओं को सिख इतिहास से संबंधित मूवी दिखायी जायेगी। 24 नवंबर को सुबह 7.30 बजे श्री निशान साहिब को नया चोला पहनाया जायेगा। इसी दिन गुरुनानक सेवक जत्था के सदस्यों द्वारा लंगर के लिए घर घर जाकर आटा बांटा जायेगा और रात दस बजे से गुरुद्वारा मैदान में लंगर बनाने की सेवा शुरू होगी,इस तैयार लंगर को 25 नवंबर को सत्संग सभा द्वारा नगर कीर्तन के दिन लगभग दस से बारह हजार श्रद्धालुओं के बीच चलाया जायेगा। 25 नवंबर को सुबह नौ बजे गुरुद्वारा साहिब से गुरुद्वारा मैदान तक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पुष्प वर्षा के साथ प्रभातफेरी के रूप में ले जाकर गुरुद्वारा मैदान में बने भव्य पंडाल में सजाये जा रहे विशेष दीवान में विराजमान किया जायेगा। यह दीवान सुबह दस बजे से दोपहर 2.30 बजे तक सजेगा। तत्पश्चात भव्य नगर कीर्तन निकाला जायेगा, जिसका समापन पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल परिसर में रात नौ बजे होगा। इसी दिन प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए रात 10.30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब रखा जायेगा, जिसका समापन प्रकाश पर्व की रात 27 नवंबर को रात 12.30 बजे होगा। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने नगर कीर्तन के दिन पुरुष श्रद्धालुओं से सफेद कुर्ता पायजामा एवं महिला श्रद्धालुओं से सफेद सलवार सूट एवं केसरिया दुपट्टा पहनने की अपील की है।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने जानकारी दी कि श्री गुरु नानक देव महाराज के 554वें प्रकाश पर्व को के उपलक्ष में कुल चार दीवान सजाये जयेंगे। पहला दीवान 25 नवंबर को सुबह 10 से दोपहर 2:30 बजे तक कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में आयोजित होगा. 26 नवंबर,रविवार को सुबह दस से दोपहर ढाई बजे तक तथा रात आठ से साढ़े ग्यारह बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा। 27 नवंबर को प्रकाश पर्व की रात आठ बजे से लेकर मध्य रात्रि ढाई बजे तक विशेष रैन सवाई दीवान सजाया जायेगा। सभी दीवानों की समप्ति के उपरांत साध संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जायेगा। इन सभी दीवानों में विश्व प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई अमरजीत सिंह तान तथा भाई अमनदीप सिंह, लुधियाना वाले एवं भाई ओंकार सिंह, दरबार साहिब अमृतसर वाले शबद गायन से शहर की साध संगत को निहाल करेंगे इस मौके पर गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा गुरुद्वारा मैदान में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया जायेगा।

# 1001 महिलाओं ने महाआरती की




आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** हरमू रोड में काली पूजा स्वागत समिति की ओर से सोमवार को रात में 1001 महिलाओं द्वारा महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाआरती से पूर्व आयोजित समारोह में रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, मुकेश मुक्ता, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश, सुनीता देवी समेत अन्य को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

# दुर्गा बाड़ी में काली पूजा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इस वर्ष दुर्गा बाड़ी में काली पूजा का आयोजन भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से हो रहा है। आज दिनांक 12 नवंबर को नित्य पूजा के बाद रात्रि 10:08 बजे से मां काली की पूजा प्रारंभ होकर देर रात लगभग 3:23 बजे तक समाप्त हुई, जिसके अंतर्गत देर रात पूजा के बाद मां के लिए बलि संप्रदान किया गया। तत्पश्चात मां काली को भोग निवेदन किया गया।

उसके बाद लगभग एक घंटा महाआरती हुई। इसके उपरांत पुष्पांजलि होने के बाद हवन हुआ जो प्रातः 3:23 तक चला, जिसके उपरांत पूजा की समाप्ति हुई, उसके बाद हजारों श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग,शब्जी,चटनी एवं खीर का वितरण हुआ जो प्रातः 7 बजे तक चला।



जैसा कि भक्त जनों को ज्ञात है कि श्री दुर्गा बाड़ी में काली पूजा विगत वर्ष 1928 से निरंतर होता आ रहा है।

उपरोक्त सभी तरह के अनुष्ठान को पश्चिम बंगाल से आये पुरोहित काशीनाथ भट्टाचार्या एवं उनके सहयोगी के साथ साथ आयोजकों ने भी पूजा में सहयोग किया ,जिसमें विशेषकर गोपाल भट्टाचार्या, सेतांक सेन, श्यामल रॉय, प्रदीप रॉय, संदीप चौधरी, जयंत कर, मृणाल घोष, संजय राय, अमित राय, अमित घोष, नारायण ,श्रीमंत,छोटन सुत्रधर आदि लोगों का काफी सहयोग रहा।

# 52% हिस्सेदारी रथ यात्रा निकाली जायेगी : राजेश गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश में 52% हिस्सेदारी रथ यात्रा निकलेगी, जो राज्य के सभी 243 प्रखंड मुख्यालय में पहुंचेगी। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता संथाल परगना के दौरे के क्रम में सोमवार को साहिबगंज के हिल व्यू होटल में एक प्रेस वार्ता में उपरोक्त बातें कही।



श्री गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जातीय जनगणना और ओबीसी की 52% हिस्सेदारी के लिए लगातार आंदोलन किया है, जिसका परिणाम है कि राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी की 52% हिस्सेदारी की चर्चा हो रही है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अपने ओबीसी समुदाय को जागृत करने के लिए हिस्सेदारी रथ यात्रा में ओबीसी की हिस्सेदारी कहां-कहां और कैसे हो, उसको रेखांकित किया है। ओबीसी समुदाय को उसके जनसंख्या अनुपात में समस्त आर्थिक गतिविधियों यथा सेना के उच्च पदों, सड़क भवन निर्माण के ठेकों, सप्लाई, डीलरशिप, माइनिंग, उत्पाद, विभाग, आउट सोर्सिंग जॉब, परिवहन, पार्किंग, मीडिया, यूनिवर्सिटी, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद इत्यादि में हिस्सा मिले, तब ही ओबीसी को मुकम्मल सामाजिक न्याय मिल पाएगा एवं उनके मानव संसाधन का देशहित में समुचित इस्तेमाल हो पायेगा। ऐसा करने से ही आर्थिक और सामाजिक विषमता का खत्म होगा और देश मजबूत बनेगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश महासचिव आरके कुशवाहा, प्रदेश संगठन सचिव जयप्रकाश वर्मा,जिला अध्यक्ष रणधीर चौरसिया, समाजसेवी सिद्धेश्वर मंडल, मोती सरकार, नरेश निसाद, सुरेश साहा, अरबिंद गुप्ता मौजूद थे।

## मनोज कपरदार को मिलेगा स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान



**रांची (आजाद सिपाही)। कला समीक्षक एवं लेखक मनोज कुमार कपरदार को वर्ष 2023 का स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान मिलेगा। सम्मान देने का निर्णय रांची की प्रतिष्ठित संस्था स्पेनिन द्वारा लिया गया है। यह सम्मान इन्हें उर्सुलाइन कॉन्वेन्ट इंटर कॉलेज रांची के सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में 25 नवंबर को प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी संस्था के निदेशक डॉ कुमार संजय ने दी। इनका चयन हिंदी साहित्य के विद्वान डॉ अशोक प्रियदर्शी और डॉ माया प्रसाद ने किया है। चयन समिति ने अपनी टिप्पणी में लिखा है - मनोज कुमार कपरदार की सक्रियता चकित करती है। यह झारखंडी माटी की संतान है और इस मिट्टी का ऋण चुका रहे हैं। शहरों की चकाचौंध में आदिवासी कला परंपराएं लुप्त होती लुप्त होती जा रही हैं। श्री कपरदार आदिवासी कला परंपराओं को रेखांकित कर उन्हें जीवित रखने के उपक्रम में लगे हैं। यह सम्मान विगत 16 वर्षो से लगातार देश के ख्याति प्राप्त साहित्यकारों को दिया जाता है। मनोज कुमार कपरदार झारखंड के कलाकारों और कलाकृतियों पर निरंतर लेखन कार्य कर रहे है। इनके लेखन से झारखंड की कला को एक राष्ट्रीय पहचान मिली है।**

# 119वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी परिवार के सौजन्य से सोमवार को पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में 119वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 से अधिक श्रद्धालुओ ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में कृष्ण प्रणामी के सह-संरक्षक बिजय जालान, अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार (ताउ) राज जालान, विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी, शंकर लाल मोदी, प्रदीप पोद्दार, मनीष सोनी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, सुशील गाड़ोदिया, धीरज कुमार गुप्ता, चंद्रदिप साहू, परमेश्वर साहू के अलावा संतोष देवी, चंदा देवी अग्रवाल, बिमला जालान आदि उपस्थित थीं। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।



## हिंदपीढ़ी में लगी भीषण आग

**रांची (आजाद सिपाही)।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के बंसी चौक के पास एक घर में भीषण आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल कायम थी। हिंदपीढ़ी थाना मौके पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार फायर ब्रिगेड ने बहुत ही मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। लोगों ने बताया कि दीपावली का कोई रॉकेट या अन्य पटाखे के चलते गोदाम में आग लगी है। पुलिस आग लगने की तफ्तिश में जुट गयी है।

# सीएम को चित्रगुप्त पूजा में शामिल होने का दिया न्योता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य चित्रगुप्त महापरिवार केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और संयोजक डॉ अजीत सहाय ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 15 नवंबर को केंद्रीय पूजा समिति बिहार क्लब द्वारा आयोजित श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव के 61 वें वर्ष के आयोजन में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। इसपर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सहमति प्रदान की और चित्रांश समाज को 15 नवंबर को श्री चित्रगुप्त पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं दी।



# वीवीपीएस में मनोरंजक बाल दिवस समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में वीवीपीएस, रांची में बड़े उत्सवी उत्साह के साथ एक उत्साही, ऊर्जावान, मौज-मस्ती से भरा बाल दिवस समारोह आयोजित किया गया। वीवीपीएस के शिक्षकों ने मंच संभाला और बच्चों के लिए शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा आयोजित एक विशेष सभा से हुई, जिसमें लयबद्ध नृत्य प्रदर्शन, मधुर गीत और फैंसी ड्रेस का प्रदर्शन शामिल था, जिससे ऐसा लग रहा था कि चाचा नेहरू वास्तव में मंच पर आये थे और मासूम बच्चों को अपनी बहुमूल्य शिक्षाएं दीं। बच्चे अपने शिक्षकों को उत्साह और उमंग के साथ प्रदर्शन करते और दिन मनाते हुए देख कर बहुत खुश हुए। प्रिंसिपल डॉ मनीषा तिवारी ने बच्चों को उनके विशेष दिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनसे कहा कि वे अपने जीवन के इस चरण को महत्व दें। यह खुशी और हंसी से भरा दिन था।



# एथलीट आशा किरण बारला को सीआइएल ने किया स्पांसर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की गोल्डन गर्ल एथलीट आशा किरण बारला को कोल इंडिया लिमिटेड ने तीन साल के लिए स्पांसर किया है। कोल इंडिया उन्हें हर साल पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगा। इसमें कोल इंडिया की ब्रांडिंग से जुड़ा ड्रेस और किट प्रबंधन की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा। आशा अब अभ्यास और प्रतियोगिताओ के दौरान कोल इंडिया की ब्रांडिंग वाली किट पहनेंगी।



**सीसीएल के निदेशक कार्मिक से आशा ने की मुलाकात :** आशा किरण बारला को सहयोग करने का प्रस्ताव कुछ दिन पहले सीसीएल ने कोल इंडिया मुख्यालय को भेजा था। कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने दीपावली से पहले इसकी मंजूरी दे दी। सोमवार को आशा किरण बारला ने अपने कोच आशु भाटिया के साथ सीसीएल के निदेशक कार्मिक एचएन मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें कोल इंडिया से मिली स्पांसरशिप के संदर्भ में जानकारी दी गयी। इस दौरान खेल मैनेजर आदिल हुसैन समेत कई अफसर वहां मौजूद रहे।

**आशा ने अंडर 20 में 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया :** बता दें कि आशा किरण बारला बोकारो थर्मल स्थित भाटिया एथलेटिक्स अकादमी की प्रशिक्षु हैं और उनकी बड़ी बहन फ्लोरेंस बारला भी अंतरराष्ट्रीय एथलीट हैं। गुमला जिले के कंडारा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह गांव की रहनेवाली आशा ने पिछले माह अंडर 20 में 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है।

# राज्यपाल से सांसद गीता कोड़ा ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को सांसद गीता कोड़ा ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने राज्यपाल से मिल कर कोल्हान क्षेत्र की विविध समस्याओं और कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर ध्यान आकृष्ट कराया और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्यपाल से कोल्हान विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति नियुक्ति की मांग की। उन्होंने कहा कि कोल्हान विश्वविद्यालय चाइबासा में कुलपति, प्रतिकुलपति सहित अन्य पदों पर स्थायी पदाधिकारियों की नियुक्ति जरूरी है। राज्यपाल ने उनकी मांगों पर विचार करते हुए आश्वस्त किया कि जल्द ही स्थायी कुलपति की नियुक्ति की जायेगी। बता दें कि कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रति कुलपति का पद पिछले मई और जून 2023 से ही रिक्त है। फिलहाल कुलपति के प्रभार में कोल्हान आयुक्त हैं। ऐसी स्थिति में इस विश्वविद्यालय के 54 डिग्री कॉलेजों में अध्ययनरत 80000 विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



# घातक ट्यूमर की सफल सर्जरी कर पारस अस्पताल ने बचायी एक बच्ची की जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक 16 वर्षीय अविवाहिता युवती रोगी पांच दिनों तक पेट में तीव्र दर्द और फैलाव की शिकायत के साथ पारस अस्पताल के सामान्य बाह्यरोगी विभाग में आयी। उसे मतली/उल्टी/बुखार जैसी कोई समस्या नहीं थी। प्रकरण से पहले कोई पेट में गांठ या मूत्राशय आंत्र संबंधी कोई शिकायत रिपोर्ट नहीं की गयी। पारस अस्पताल में शारीरिक परीक्षण करने पर, पूरे पेट में एक तनावपूर्ण सिस्टिक, सूजन देखी गयी, जो बाईं पसली के पिंजरे तक पहुंच गयी थी। अस्पताल में एक तत्काल यूएसजी किये जाने पर 20-15 सेमी की एक बड़ी सिस्टिक सूजन का पता चला। पारस अस्पताल के ऑन्कोलॉजिस्ट की सलाह से तत्काल सर्जरी की गयी। मरीज की हालत में सुधार होने पर उन्हें ऑपरेशन के बाद एक दिन बाद छुट्टी दे दी गयी। मरीज अब बिल्कुल सामान्य जीवन व्यतीत कर रही है। पारस अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपमा कहती हैं कि मरीज का फॉलो-अप में मरीज का सामान्य मासिक धर्म होने के कारण कोई समस्या नहीं पायी गयी। मरीज अब बिल्कुल स्वस्थ है। प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में ऐसी परिस्थिति अक्सर पायी जाती है।



पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल परिवार मरीजों के प्रति हमेशा ज़िम्मेवार और समर्पित रहा है। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को प्रतिबद्ध पारस ब्लिस में, अत्याधुनिक सुविधाओं और कुशल टीम के साथ पारस एचइसी के भरोसे और विश्वास को बनाये हुए है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# रिम्स निदेशक पद की दौड़ में पांच चिकित्सक

## आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स को जल्द स्थायी निदेशक मिलनेवाला है। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिम्स के निदेशक पद के लिए स्वास्थ्य विभाग को अब तक सात-आठ आवेदन मिले हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर तक है। मिली जानकारी के अनुसार, अब तक प्राप्त आवेदनों में दो-तीन चिकित्सक रिम्स से बाहर के हैं। वहीं पांच चिकित्सक रिम्स के ही अलग-अलग विभागों में कार्यरत हैं। स्थायी निदेशक की दौड़ में रिम्स के वर्तमान प्रभारी निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता भी शामिल हैं। इनके अलावा चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, डॉ सीबी सहाय, डॉ सीबी शर्मा और डॉ पंकज बोदरा भी इस दौड़ में शामिल हैं। पांचों चिकित्सकों ने रिम्स के निदेशक पद पर आवेदन के लिए स्वास्थ्य विभाग से एनओसी ली है।

**पांच माह से प्रभार में चल रहा रिम्स का निदेशक पद :** बताते चले कि रिम्स में निदेशक का पद पिछले पांच माह से प्रभार में चल रहा है। रिम्स के स्थायी निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद के इस्तीफे के बाद 6 जून को नेत्र रोग विभाग के एचओडी डॉ राजीव गुप्ता को निदेशक का प्रभार दिया गया था।

# रामगढ़-चतरा में दो हादसे, छह की मौत

## मांडू में जन्मदिन मना कर लौट रहे तीन दोस्तों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मांडू थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। घटना में तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। सभी अपने दोस्त का जन्मदिन मनाकर मांडू अपने घर लौट रहे। इसी दौरान तीनों दोस्त सड़क हादसा का शिकार हो गये। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया है।



### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को रौनक कुमार पिता लालदेव करमाली करमाली टोला मांडू अपना जन्मदिन मनाने अपने दोस्त रोहित कुमार पिता कुलदीप साव मांडू, करण कुमार पिता राजू साव मांडूडीह के साथ हेसागढ़ा पहुंचे थे। जन्मदिन मनाकर नयी बुलेट से अपने दोनों दोस्त के साथ अपने घर मांडू लौट रहे थे। इसी दौरान रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट सिमराबेड़ा मोड़ पर बुलेट आगे चल रही टेलर में जा टकराई। जिससे तीनों युवक सड़क गिर गये। टक्कर जोरदार होने के कारण तीनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पाकर मांडू पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर लिया। साथ क्षतिग्रस्त बुलेट को जब्त कर लिया। इधर टेलर भागने में सफल रहा।

पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दी। घटना में मांडू में मातमी सन्नाटा पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चतरा के हंटरगंज में नाच देखने जा रहे दो युवकों की मौत, सूचना पाकर तीसरा दोस्त भी चल बसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** प्रखंड के ढेबो गांव में दीपावली के दिन एक दिल दहलाने वाली घटना से पूरा गांव में मातम पसरा है। एक ओर जहां पूरा प्रखंड दीपावली का जश्न मना रहा था। वही ढेबों गांव में तीन युवकों की अर्थियां सजायी जा रही थी। इस हृदय विदारक घटना से पूरा गांव गमगीन था। एक ही श्मशान घाट पर तीनों युवकों की अर्थियां सजाकर तीनों शवों का एक साथ दाह संस्कार किया गया। घटना दीपावली के दिन की है। जानकारी के अनुसार दीपावली के एक दिन पूर्व यानी शनिवार की रात तीन युवक महेश कुमार 18 वर्ष पिता महेंद्र यादव, सचिन कुमार 18 वर्ष पिता बंगाली यादव तथा युगल यादव 18 वर्ष पिता मोहन यादव एक बाइक पर सवार होकर डोभी नाच देखने जा रहे थे। इसी दौरान बिहार के गया जिले के डोभी थाना अंतर्गत बहेरा गांव के समीप एन




एच 22 पर हाईवा ने मोटरसाइकिल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे तीनों युवक बीच सड़क पर गिर गए। इस घटना में महेश यादव की मौत घटनास्थल पर हो गयी। जबकि सचिन कुमार की मौत गया मगध मेडिकल कॉलेज पहुंचने के पूर्व रास्ते में ही हो गया। जबकि युगल यादव की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना की जानकारी घायल युगल यादव के द्वारा रात में ही परिजनों को दिया गया। इसके बाद सभी घायलों के परिजन आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। इस घटना की खबर सुनते ही एक अन्य युवक सौरभ कुमार की स्थिति अचानक बिगड़ गयी और वह अचेत होकर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक महेश और सचिन अपने माता- पिता का एकलौता पुत्र थे। जबकि सौरभ दो भाइयों में सबसे छोटा था। इस घटना से तीन घरों का चिराग बुझ गया। मृतक महेश गया कॉलेज गया में इंटर का छात्र था। जबकि सचिन और सौरभ औरु-गेरुआ प्लस टू उच्च विद्यालय में इंटर का छात्र था।

# संपूर्ण मारवाड़ी समाज का दीपावली मिलन समारोह




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति के तत्वाधान में संपूर्ण मारवाड़ी समाज का दीपावली मिलन समारोह संयुक्त रूप से मारवाड़ी भवन हरमू रोड पर बड़े ही हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ गणेश पूजन सह गणेश वंदना के नृत्य के साथ हुआ।तत्पश्चात मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने स्वागत उद्गार व्यक्त किया। इसके बाद समारोह में सम्मिलित संस्थाओं के अध्यक्ष एवं मंत्री यथा मारवाड़ी सहायक समिति- के मनोज चौधरी - रमण बोडा अग्रवाल सभा के नंदकिशोर पाटोदिया - मनोज चौधरी मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के रमेश शर्मा- किशन शर्मा, माहेश्वरी सभा के किशन साबू- नरेंद लाखोटिया, दिगंबर जैन पंचायत के नरेंद गंगवाल - पंकज पांड्या, ओसवाल संघ के सुभाष चंद्र बोथरा - बिमल दशानी, राँची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सुरेश चंद्र अग्रवाल- ललित पोद्दार, विजयवर्गीय सभा के संजीव विजयवर्गीय - पृथ्वी राज चौधरी, खंडेलवाल वैश्य संघ के राजकुमार खंडेलवाल- महेश खण्डेलवाल, मारवाड़ी सैन समाज के जगदीश सैन- नंदकिशोर चांगल, मारवाड़ी महिला मंच रांची शाखा के नयना मोर- रीता केडिया, मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के अमित चौधरी- विकास गोयल, मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा के श्वेता भाला- सपना सिंघानिया, राजस्थानी प्रोफेशनल एसोसिएशन के डॉ वीके जैन- नवीन डोकानिया, एवं हरियाणा संघ के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके समारोह का विधिपूर्वक उद्घाटन करते हुए दीपावली की सभी को बधाई देते हुए कहा कि अंधकार पर प्रकाश की विजय का यह पर्व समाज में उल्लास भाईचारे एवं प्रेम का संदेश फैलता है। कार्यक्रम संयोजक अशोक लाठ एवं निर्मल बुधिया ने बताया कि इस समारोह में सम्मिलित सभी संस्थाओं के लोगों की भागीदारी रही।

# बाबूलाल ने किया स्टूडेंट क्लब काली पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्टूडेंट क्लब काली पूजा समिति लालपुर के पूजा पंडाल का उद्घाटन में रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक वरिष्ट पत्रकार हरिनारायण सिंह भी मौजूद थे। क्लब अपनी 50वीं वर्षगांठ मना रही है। इस अवसर पर काली पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। वहीं इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि स्टूडेंट क्लब सामाजिक कार्यों में बढ चढ कर हिस्सा लेते आ रही है। इससे समाज को एकजूट बनाये रखने में अपनी अहम भूमिका निभाती है। यह कारवां अनवरत आगे बढते रहना



चाहिए। उन्होने मां काली से राज्य की सुख समृद्धी की कामना की। वहीं क्लब के अध्यक्ष सिद्धांत सिन्हा ने कहा कि मंगलवार को दिन में महाभंडारा का आयोजन किया जायेगा। और संध्या में माता का जागरण होगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष अविनाश पांडे, कोशाध्यक्ष अमित वर्मा, राकेश सिंह, राहुल सिंह, संतोष वर्मा, उज्वल सिन्हा, शुभम सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

# निपू सिंह राजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के क्रांतिकारी निपू सिंह को राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। सोमवार को राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे और सभी केंद्रीय पदाधिकारियों के सहमति से निपु सिंह को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बता दें कि निपू सिंह रांची जिले के जाने माने समाजसेवी हैं एवं झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री सह नशामुक्त झारखंड के दो दशक से लड़ाई लड़ने वाला योद्धा है। इस मौके पर नए प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद श्री सिंह ने खुशी जाहिर की और केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे सहित सभी केंद्रीय पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा की आप लोग ने मुझे जो उम्मीद के साथ प्रदेश अध्यक्ष बनाया है उस पर मैं खरा उतरूंगा और आपकी उम्मीद से बहुत आगे पार्टी को ले जाऊंगा। इस मौके पर प्रदेश सचिव विष्णु चौबे, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, प्रेम ठाकूर, पहालाद चौबे, रवि रंजन कुमार, सुरेश पंडित, रंजीत जायसवाल, निकू कुमारी, जोफीक अंसारी, सलीम अंसारी, जसमत, मनोहर, संतोष, विवेक सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-एनआईटी संख्या: एसटी-आरएनसी-08-रिपीटिंग सिग्नल, दिनांक: 10.11.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** रांची मंडल के विभिन्न लोकेशनों पर सिग्नलों की बेहतर दृश्यता के लिए एक ट्रेन के लोको पायलट/गार्ड के लिए रिपीटिंग सिग्नल/स्टार्टर इंडिकेटर के प्रावधान के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य का सम्पादन। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 15,15,482.85। **जमा बयाना राशि:** रु. 30,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 04.12.2023 को सुबह 11:00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 20.11.2023। कार्य निविदा के लिए **वेबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in**।
(PR-803)

# नेम प्लेट लगा सकेंगे पीसीसीएफ, अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग और वाणिज्यकर सेवा के अफसर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने वाहनों में बोर्ड, पट्ट का प्रयोग करने के लिए परिवहन विभाग की 10 मार्च 2021 को अधिसूचना और गाइडलाइन में संशोधन किया है। वन सेवा और वाणिज्यकर सेवा के अधिकारियों सहित अध्यक्ष पिछड़े वर्ग आयोग को वाहनों में बोर्ड, पट्ट, नेम प्लेट इस्तेमाल की अनुमति दी गयी है। इसके तहत अधिसूचना की कंडिका-4 में पुलिस महानिरीक्षक के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षक को जोड़ा गया है। वहीं, आरक्षी अधीक्षक के बाद अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उप वन संरक्षक, उप निदेशक,प्रबंधक निदेशक, महाप्रबंधक, प्रमंडलीय प्रबंधक, अध्यक्ष तथा सदस्य सचिव झरखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को जोड़ा गया है। वहीं, प्रवर्तन पदाधिकारी स्तंभ में वन क्षेत्र पदाधिकारी, राज्य कर अपर आयुक्त, राज्य कर संयुकत आयुक्त, राज्य कर उपायुक्त को जोड़ा गया है। अध्यक्ष कर्मचारी चयन आयोग के बाद अध्यक्ष पिछड़े वर्गो के लिए राज्य आयोग जोड़ा गया है। अधिसूचना के बाकी बिंदुओं को यथावत रखा गया है। परिवहन विभाग ने विधायिका, कार्यपालिका के कई लोगों को नेम प्लेट ओर बोर्ड लगाने की छूट दी है। किसी भी परिस्थिति में नेम प्लेट होने पर निबंधन नंबर ढंका नहीं होना चाहिए। नेम प्लेट का आकार 18 गुना छह इंच से अधिक नहीं होना चाहिए। विधायिका के लिए हरा, न्यायपालिका, वैधानिक आयोग, कार्यपालिका और केंद्रीय कार्यालय के लिए लाल ओर विधि व्यवस्था संधारण व प्रवर्तन पदाधिकारी के लिए नीला रंग का बोर्ड लगाना होगा।

**निजी वाहनों में बोर्ड, नेम प्लेट लगाना गैर कानूनी :** राज्य सरकार ने निजी वाहन पर किसी तरह के बोर्ड अथवा नेम प्लेट लगाने को पूरी तरह से गैर कानूनी करार दिया है। किसी वाहन पर कोर्ट, आर्मी, पुलिस, प्रेस, सरकार, प्रशासन व मंत्रालय आदि शब्द लिखने पर मनाही होगी। वाहन के शीशे के अंदर कोई भी बोर्ड या नेम प्लेट नहीं लगा सकते हैं।

# बाबूलाल मरांडी जबरदस्ती केंद्रीय एजेंसियों पर दबाव बनाने में लगे हैं : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कड़ा प्रहार किया है। विनोद पांडेय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी आखिर बेचैन क्यों हैं? ऐसा लग रहा है कि वे सत्ता में नहीं रहने की बौखलाहट में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। वे किस आधार पर इडी की कार्रवाई नहीं होने पर कानून पर से विश्वास उठने की बात कर रहे हैं? झारखंड मुक्ति मोर्चा को भारतीय संविधान पर पूरा विश्वास और भरोसा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जब राजनीतिक कारणों से प्रताड़ित करने की कोशिश की गयी तो वे कानून की शरण में गये। अब उसी मुताबिक फैसले पर वे आगे बढ़ेंगे, लेकिन बाबूलाल मरांडी जैसे नेता अब जबरदस्ती केंद्रीय एजेंसियों पर दबाव बनाने में लगे हैं। यह उनकी हताशा को दर्शाता है। झारखंड में भाजपा जब जनता की अदालत में बुरी तरह हार गयी तो हथकंडे अपनाकर सत्ता में वापसी का सपना देख रही है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है, वहां के नेता बेचैन हैं। ऐसे राज्यों में सरकार को अस्थिर करने के लिए सारे हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा



और आरएसएस झूठ को सौ बार बोलकर सच में बदलने की कोशिश करती है। इसी सोच के तहत बार-बार भाजपा अलग झारखंड राज्य का श्रेय लेती है। पूरी दुनिया जानती है कि यह राज्य झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन के लंबे संघर्ष और सैकड़ों शहीदों की देन है। अलग राज्य के लंबे संघर्ष के कारण तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति दी। भाजपा खुद अपना पीठ थपथपाना छोड़े। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा की जमीन खिसक गयी है। अगले चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जायेगा। भाजपा को एक आदिवासी मुख्यमंत्री पच नहीं रहा है। भाजपा के शासनकाल में झारखंड पीछे चला गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई–निविदा सं.:** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–05–23–24; **कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में गोमो–कोडरमा खण्ड मध्य डीएफसीसी चै० 28.470 (IR CH: 300.15) से डीएफसीसी चै० 122.00 (IR CH: 393.55) में दोहरीकरण लाइन (तृतीय एवं चतुर्थ लाइन) के नवनिर्माण के संबंध में 32.5 टी एक्सल लोड के लिए अर्थवर्क, ब्लैंकेटींग, छोटा पुल एवं बृहत पुल, रेल फ्लाई ओवर, विद्युतीकरण कार्य एवं वभिन्न कार्य एवं 32.5 टी एक्सल लोड साथ में विद्युतीकरण टीआरडी (2x25 kv) कार्य; **अंकलित मूल्य (रु०):** ₹1101,85,28,898.52; **निविदा प्रपत्र की लागत (रु०):** ₹0.00; **अग्रधन राशि (रु०):** ₹2,00,00,000/–; कार्य पूर्ण करने की अवधि: 1095 (एक हजार पंचानवे दिन); **प्री–बिड कॉन्फ्रेंस के लिए तिथि एवं समय:** 23.11.2023 को 12:00 बजे; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 22.12.2023 को 02:00 बजे। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कोरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्यः** निवदि सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**
**पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना**
**पीआर/01618/सीओएनएस/यां/टी/23–24/56**

## पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर कहा

# बिरसा समाधि स्थल को और विकसित किया जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि बिरसा मुंडा जनजातीय समुदाय के आदर्श हैं और झारखंड में उन्हें भगवान का दर्जा प्राप्त है। उनके जन्मदिन को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित कर आपने एक उपयुक्त कदम उठाया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि बिरसा मुंडा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता और सम्मान को देखते हुए मैं आपका ध्यान उस स्थान की ओर आकर्षित करना चाहता हूं,



जहां जून 9, 1900 में अंग्रेजों के अत्याचार के कारण जेल में मृत्यु के पश्चात बिरसा मुंडा का अंतिम संस्कार किया गया था। उस स्थान की पहचान बिरसा समाधि स्थल के रूप में है। यह स्थान झारखंड की राजधानी कोकर मौजा में है। तमाम कोशिशों के बावजूद इस




स्थान को अभी तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया है। पास बहने वाले खुले गंदे नाले और चारों ओर गंदगी के अम्बार इसकी दुर्दशा को बताने के लिए पर्याप्त है। उनके समाधि स्थल के आस पास मांस मछली की बिक्री होते दिख जाती है। भगवान बिरसा मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ थे पर आस पास मादक पदार्थों की बिक्री होते दिखती है। हमारे विचार से इस स्थान को इस तरह विकसित जाये, ताकि लोगों तो दूर से ही इस स्थान की गरिमा का आभास हो की वे ऐसे वीर की समाधि स्थल की और जा रहे हैं जिसने अपने उलगुलान से ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी और जनजातीय हृदय में स्वाधीनता की ज्वाला धधका दी।

इसी तरह, जिस स्थान पर भगवान बिरसा मुंडा को मृत्यु से पूर्व कैद किया गया था, उस स्थान पर भी उचित ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि इसे रघुवर दास के कार्यकाल में विकसित करने का कार्य प्रारंभ किया गया और हेमंत सोरेन के कार्यकाल में आपके द्वारा 15 नवंबर 2021 का उद्घाटन किया गया, लेकिन उसे बेहतर रखरखाव की आवश्यकता है। इस स्थान पर भगवान बिरसा की प्रतिमा कुछ खास अवसरों को छोड़ अंधेरे में रहती है। इसे और विकसित करने आवश्यकता है, ताकि इस स्थान की गरिमा न केवल बनी रहे, बल्कि उसका उत्तरोत्तर विकास हो।

# शादी तय होने से नाराज लड़की ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड के इचाक गांव में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की ने आत्महत्या कर ली। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतका के पिता ने अपनी पुत्री की शादी इटखोरी प्रखंड के बड़गांव में तय की थी। मृतका ने इस शादी से इंकार करते हुए गिद्धौर थाना को 100 नंबर डायल कर मदद की गुहार लगायी थी। इसके बाद गिद्धौर थाना की पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मृतका के पिता से बात कर शादी नहीं करने का सलाह दिया। इसके बाद उसके पिता ने शादी को कैंसिल करने के लिए राजी हो गया। इसके बावजूद लड़की ने रात्रि में आत्महत्या कर अपना जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के पिता ने बताया कि थाना का फोन आने के बाद हमलोग शादी करने से मना कर दिया। उसके बाद मृतका ने शादी तय किये गये लड़का से फोन पर बात भी की और शादी करने से इंकार कर दी। इसके बावजूद उसने रात में आत्महत्या कर ली। इस संबंध में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# छोटी सी राहत

इस्राइल और हमास के बीच जंग का मैदान बने गाजा के लोगों के लिए यह खबर एक छोटी सी राहत के रूप में देखी जा सकती है कि युद्ध में रोज चार घंटे का मानवीय विराम देने पर सहमति बन गयी है। हालांकि जिस युद्ध में चंद दिनों के अंदर 10,800 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और सिविलियन ठिकानों पर भी लगातार बम बरस रहे हैं, वहां इस चार घंटे के विराम को पहली नजर में नाकाफी ही कहा जायेगा। जरूरत तो इस युद्ध को तत्काल बंद करने की है, लेकिन इस्राइल ऐसे किसी प्रस्ताव को फिलहाल स्वीकार करने को तैयार नहीं है। फिर भी, मौजूदा हालात में रोज गाजा के किसी इलाके में चार घंटे का युद्ध विराम घोषित करने और उत्तरी गाजा में दो मानवीय गलियारा खोलने पर हुई इस सहमति को सभी पक्ष पॉजिटिव ढंग से देख रहे हैं। कई वजहों से इसे अहमियत दी जा रही है। अव्वल तो यह कि दुश्मन पक्ष को बर्बाद कर देने के जुनून के बीच यह थोड़ा सोच-विचार करने की मानसिकता के लिए गुंजाइश बनाती है। दूसरी बात यह कि इससे मौत के खतरों से घिरे फलस्तीनी नागरिकों को जान-माल की रक्षा के लिए सुरक्षित इलाकों में जाने का मौका मिलेगा। तीसरी बात यह कि इन मानवीय गलियारों का इस्तेमाल करते हुए गाजा के लोगों के लिए जरूरी मानवीय राहत सामग्री पहुंचायी जा सकेगी। चौथी और सबसे अहम बात यह है कि इसका इस्तेमाल बंधकों की रिहाई के मकसद को आगे बढ़ाने में भी हो सकता है। हालांकि इस चौथी और आखिरी संभावना के साथ कई सारे किंतु-परंतु जुड़े हुए हैं। बंधकों की रिहाई के प्रयासों से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर युद्ध विराम और मानवीय गलियारे का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाये तो बंधकों को गाजा से बाहर निकालना संभव हो सकता है। एक बार यह हो गया, तो अनजाने ही हवाई हमलों में इनके मारे जाने की आशंका कम हो जायेगी, वे ज्यादा सुरक्षित रहेंगे और फिर उन्हें छोड़े जाने पर सहमति बनाना भी अपेक्षाकृत आसान होगा। ध्यान रहे, इन बंधकों में 40 से ज्यादा देशों के नागरिक हैं। हमास का खात्मा करने के नाम पर चलाये जा रहे इस्राइली अभियान को नियंत्रित किये जाने की जरूरत पर अभी अगर बहुत सारे देश कुछ नहीं कह रहे तो उसकी एक वजह यह भी है कि वे पहले बंधक बनाये गये अपने नागरिकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित कराना चाहते हैं। इस लिहाज से यह माना जा सकता है कि युद्ध से राहत का जो सांकेतिक कदम उठाया गया है, वह आगे चल कर इस युद्ध को फैलने से रोकने और फिर धीरे-धीरे बंद करने में भी मददगार हो सकता है। लेकिन ऐसा तभी होगा, जब सभी संबंधित पक्ष संवेदनशीलता और समझदारी दिखाते हुए इस मौके का सही इस्तेमाल करेंगे या कम से कम, ऐसा होने देंगे।

**अव्वल तो यह कि दुश्मन पक्ष को बर्बाद कर देने के जुनून के बीच यह थोड़ा सोच-विचार करने की मानसिकता के लिए गुंजाइश बनाती है। दूसरी बात यह कि इससे मौत के खतरों से घिरे फलस्तीनी नागरिकों को जान-माल की रक्षा के लिए सुरक्षित इलाकों में जाने का मौका मिलेगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अंग्रेजों द्वारा स्थापित शिक्षा व्यवस्था के प्रति श्री गुरुजी के विचार ब्रिटिश शासन के 75 वर्ष बीतने के बाद भी भारत में अब तक अंग्रेजों द्वारा लायी गयी शिक्षा व्यवस्था ही चल रही है, जिसका प्रारूप आजादी के सौ सालों से भी ज्यादा पहले 1835 में मैकॉले ने रखा था। इस व्यवस्था के लक्ष्य और प्रभाव को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरु जी ने प्रभावी रूप से रेखांकित करते हुए चिंता जतायी थी। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में कहा था। अंग्रेज, जो बाद में आये, अधिक कुटिल, मगर शिष्ट थे।**

# शिक्षा पर श्री गुरुजी के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता



सुखदेव वशिष्ठ

भारत ने तपस्वियों के जीवन के विभिन्न रंग देखे हैं। ये महापुरुष केवल अपने लिए नहीं जिए बल्कि अपना अस्तित्व समाज और मानवता के लिए समर्पित कर दिया। माधव सदाशिव राव गोलवलकर ऐसे निःस्वार्थ जीवन के सबसे प्रमुख प्रतीकों में से एक हैं। उनकी पूरी यात्रा राष्ट्र निर्माण में अनगिनत बलिदानों और योगदान की कहानी है। अंग्रेजों द्वारा स्थापित शिक्षा व्यवस्था के प्रति श्री गुरुजी के विचार ब्रिटिश शासन के 75 वर्ष बीतने के बाद भी भारत में अब तक अंग्रेजों द्वारा लायी गयी शिक्षा व्यवस्था ही चल रही है, जिसका प्रारूप आजादी के सौ सालों से भी ज्यादा पहले 1835 में मैकॉले ने रखा था। इस व्यवस्था के लक्ष्य और प्रभाव को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरु जी ने प्रभावी रूप से रेखांकित करते हुए चिंता जतायी थी। उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में कहा था। अंग्रेज, जो बाद में आये, अधिक कुटिल, मगर शिष्ट थे। उन्होंने प्रत्यक्ष तोड़फोड़ एवं भ्रष्ट करने का रास्ता नहीं अपनाया। उन्होंने अपने धूर्ततापूर्ण प्रचार द्वारा परंपरागत चली आयी श्रद्धा तथा राष्ट्रीय एकता को नष्ट करने की चेष्टा की। उन्होंने एक विशेष शिक्षा पद्धति आरंभ की, जिसका लक्ष्य हमारे लोगों की राष्ट्रीय, सांस्कृतिक तथा पौरुष की भावनाओं का उन्मूलन कर अपने साम्राज्य को पुष्ट करना मात्र था। अपने शिक्षित कहलाए जाने वाले लोग उनके कपट के शिकार हो गये तथा गोरे लोगों के रीति-रिवाजों तथा विचारों की नकल कर जो कुछ अपना था, उसका उपहास करने लगे।

**विद्यार्थियों में समुचित कर्तव्य भावना जागृत करने के लिए शिक्षा प्रणाली ध्येयोन्मुख होनी चाहिए।**

श्री गुरु जी एक जगह कहते हैं, यदि कोई हिंदू शिक्षा संस्था हिंदू प्रार्थनाएं तथा गीता के श्लोकों का पाठ आरंभ करती है, तो सरकार तुरंत हस्तक्षेप कर वित्तीय सहायता बंद करने की धमकी देती है। 2018 में ऐसी ही एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गयी थी, जिसमें केंद्रीय विद्यालयों की प्रार्थना से असतो मा सद्गमय हटाने की मांग की गयी थी।



**इतिहास के साथ षडयंत्र :** यदि कोई विषय व्यक्ति को संस्कृति से जोड़ कर रखने में सक्षम है, तो वह इतिहास ही है, और भारतीय शिक्षा व्यवस्था में यदि किसी विषय के साथ सबसे ज्यादा षडयंत्र हुआ है, तो वह इतिहास ही है, जिसमें कांग्रेस पोषित इतिहासकारों द्वारा पश्चिमी लेखकों की अप्रमाणिक थ्योरियों पर आधारित गुलामी का इतिहास ही पढ़ाया जाता रहा है। इसे श्री गुरु जी ने बहुत पहले बता दिया था, उन्होंने लिखा था। सत्य इतिहास के पाठन से प्रारंभ होगा। हमें अपने बच्चों को सिखाना होगा के जिस धरती पर वे जन्मे हैं, उसकी विरासत महान है और उनके पूर्वजों ने भौतिक व आध्यात्मिक उपलब्धियों के उच्चतम मानदंड स्थापित किये हैं, तभी उन्हें इनसे भी उच्चतर आदर्शों को प्राप्त करने के पुरजोर प्रयास हेतु उत्साह से भरपूर किया जा सकेगा। किंतु हम इसके विपरीत अपने विद्यालयों में बिल्कुल उल्टी शिक्षा दे रहे हैं। हमारे इतिहास का अधिकांश भाग मुगल काल और ब्रिटिश काल है। यदि हमारे बच्चों को यही शिक्षा दी जाती है कि भूतकाल में हमारा कुछ महान रहे हैं, केवल मुगलों व अंग्रेजों के आगमन के बाद हमारे राष्ट्र का विकास हुआ है, अर्थात हमारा अतीत किसी गर्व के योग्य नहीं है तथा हमारे पूर्वज किसी प्रतिस्पर्धा के योग्य नहीं थे, तो क्या हम उनसे किसी सार्थक वस्तु की अपेक्षा कर सकते हैं? हां, यदि आप हिंदुओं की अतीतकालीन उपलब्धियों का, आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष में उनके आत्मबलिदानी उत्साह और वीरता का उल्लेख ओजस्वीरूप में करेंगे, फिर विदेशी आक्रांता ग्रीक, मुगल अथवा अंग्रेज कोई भी हो, तो आप तुरंत सांप्रदायिक घोषित कर दिए जायेंगे। यही है असली अड़चन और समस्या का मूलमर्म। इस आत्म-धिक्कारमयी और मूर्ख बनाने वाली शिक्षा का परिणाम क्या है? (पृष्ठ 248)

**वर्तमान शिक्षा को ध्येयोन्मुख बनाना होगा :** शिक्षा के स्वरुप को लेकर भी श्री गुरु जी ने अपने विचार रखे थे और उद्देश्य भी जाहिर किये थे। केंद्र सरकार द्वारा नयी शिक्षा नीति लागू करने और वैदिक शिक्षा बोर्ड की घोषणा के बाद विद्या भारती द्वारा 5 नये विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा में इन विचारों का प्रतिबिंब नजर आता है। उच्च शिक्षा संस्थान पिछले साल ही बेंगलुरु में 125 एकड़ के विशाल परिसर में चाणक्य विश्वविद्यालय खोल चुका है, जबकि गुवाहाटी में दूसरे परिसर का निर्माण कार्य चल रहा है। बेंगलुरु स्थित विश्वविद्यालय के पहले बैच में कुल 200 छात्रों ने दाखिला भी ले लिया है। आज भारत को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए गोलवलकर और उनकी शिक्षाओं पर फिर से विचार करने की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है।

गुरु गोलवलकर ने लिखा है कि हमारी वर्तमान शिक्षा केवल वृत्तात्मक है, संस्कारात्मक नहीं। इसका जोर इसी पर है कि देश का युवक किसी प्रकार डिग्री प्राप्त कर ले। हमारे युवकों का व्यक्तित्व उभरे, इस ओर इसका ध्यान नहीं है। इस विषय का अधिक विस्तार न करते हुए इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि आज की शिक्षा प्रणाली में आमूलाग्र परिवर्तन आवश्यक है। प्रत्येक विद्यार्थी को धर्म के आधारभूत तत्व अवश्यमेव पढ़ाये जाने चाहिए। उन्हें अपना विशुद्ध एवं सत्य इतिहास पढ़ाना चाहिए तथा अपनी राष्ट्रीय विरासत के भव्यतम पहलुओं को उनके सम्मुख रखना चाहिए। प्राथमिक यौगिक क्रियाओं के द्वारा उन्हें मनः संयम का शास्त्र अवश्य सिखाना चाहिए। शिक्षा को परिस्थिति, दैनिक जीवन के तथ्य, व्यक्तिमात्र की अभिरुचि आदि बातों पर निर्भर रहना चाहिए। वह जीवन की सब परीक्षाएं उत्तीर्ण कर सके और सब संकटों से जूझ सके, ऐसा पाथेय बिल्कुल प्रारंभ से ही हमें इसके लिए जुटाना चाहिए। किसी भी विषय के संबंध में क्यों न हो, कर्तव्य भावना पर जोर रहना चाहिए। उत्कृष्ट कर्तव्य दक्षता सर्वोपरि महत्व की बात है। हो सकता है कि आजकल के स्वार्थपोषक वातावरण में वह अव्यवहार्य दिखायी दे। ध्येयोन्मुख शिक्षा प्रणाली इसके लिए एक ही उपाय है। विद्यार्थियों की ग्रहणशील आयु में, उनके मन पर सतत संस्कारों से यह सत्य अंकित कर देना चाहिए कि कर्तव्य सर्वोपरि है और सब अधिकार, चाहे व्यक्ति के हों, चाहे समूह के, कर्तव्य सापेक्ष हैं और कर्तव्य की तुलना में गौण हैं। विद्यार्थियों में समुचित कर्तव्य भावना जागृत करने के लिए शिक्षा प्रणाली ध्येयोन्मुख होनी चाहिए। (पृष्ठ 380)

**शिक्षा का वास्तविक अर्थ और उद्देश्य :** आधुनिक संदर्भ में शिक्षा का अर्थ - संकेत क्या है? यह मानव की अंतर्निहित क्षमताओं का प्रकटीकरण है। सूचनाओं का मस्तिष्क में ठूंसना भर शिक्षा नहीं है। इसका लक्ष्य मानव-मस्तिष्क को कबाड़ी का गोदाम बनाना नहीं है। शिक्षा को सर्वत्र मानव में निहित विविध प्रतिभाओं तथा क्षमताओं की पहचान एवं प्रकटीकरण के आधारस्तंभ के रूप में ग्रहण किया गया है और इसके महत्वपूर्ण परिणाम भी सामने आये हैं। कला और विज्ञान के विविध क्षेत्रों में महान उपलब्धियों से अलंकृत व्यक्ति तो अन्य अनेक देशों में भी विद्यमान हैं, परंतु हम हिंदू और भी आगे गये हैं। हमारे लिए शिक्षा का सार है व्यक्ति के अंतः व्यक्तित्व का प्रकटीकरण अथवा प्रस्फुटीकरण। जीवन मनोविकारों का पुंज मात्र नहीं है। हमारी मान्यता है कि हमारे भीतर चरम सत्य विद्यमान है। उसी परम सत्य की अनुभूति एवं अभिव्यक्ति हमारी शिक्षा प्रणाली का मूल उद्देश्य है। हमारे महान संतों तथा तपस्वियों ने उसकी प्राप्ति की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिये हैं, जिन्हें कार्यान्वित करने में शिक्षक की अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका है। (पृष्ठ 244)

**गुरुजी के विचारों की प्रासंगिकता :** राष्ट्रीय स्तर पर इन विषयों पर ध्यान देकर विसंगतियां दूर की जा सकें, इसके लिए संघ की प्रेरणा से विद्या भारती वर्षों से आवाज उठाता रहा है और काम करता रहा है, पर नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद विद्या भारती की सक्रियता बढ़ गयी है। वर्तमान में इस के द्वारा संचालित 24000 स्कूलों में 34 लाख छात्र पढ़ रहे हैं और इनमें लगभग 1,34,000 शिक्षक कार्यरत हैं। इन शिक्षण संस्थानों में मुस्लिम और ईसाई समुदायों के छात्रों की भी अच्छी संख्या है। निश्चित ही हमे शिक्षा की गुणवत्ता को भी बढ़ाना पड़ेगा और उसके उदेश्यों को भी स्पष्ट करना होगा। 26 जून 1958, मद्रास में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के विषय में बोलते हुए श्री गुरुजी ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल पढ़ना और लिखना इतना ही नहीं होता। शिक्षा प्राप्ति का स्वाभाविक परिणाम होना चाहिए, राष्ट्र के बारे में श्रद्धा की जागृति और अपने कर्तव्य का बोध। भारत के नव निर्माण हेतु श्री गुरूजी के विचार निश्चित ही युवा पीढ़ी का प्रेरणा स्त्रोत हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास से मिले कांग्रेसी, दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी के नेतृत्व में जिला कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर से ओड़िशा राज्य के नवनियुक्त महामहिम राज्यपाल रघुवर दास से मिलकर उन्हें बधाई दी। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा राज्यपाल हमारे संवैधानिक पद पर विराजमान है। उनके नियुक्ति होने पर जमशेदपुर का मान बढा है। साथ ही संविधान की रक्षा के एक महत्वपूर्ण पद इन्हें प्राप्त हुआ है। जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने मिल कर उन्हें बधाई दी।



इस मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, आनन्द मय पात्रा, प्रदेश सचिव सामंता कुमार, ब्रजेन्द्र तिवारी, राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, संजय सिंह आजाद, गुरदीप सिंह, शशी सिन्हा, शफीअहमद खान, रामलाल प्रसाद पासवान, जसवंत सिंह जस्सी, सुखदेव सिंह मल्ली, रामदरस चौधरी, ज्योति मिश्रा, नलिनी सिन्हा, अतुल गुप्ता, सैलेन्द्र सिंह, उदय कुमार सिंह, राजेश कुमार, धर्मा राव, सतीश कुमार, संध्या ठाकुर, रानी राव, शेखर कुमार, सचिन कुमार सिंह, सन्नी सिंह, सुशील घोष,अमृत पाल सिंह शामिल रहें।

# इवान उरांव जी-स्पेलबी माइंड वॉर कंपिटीशन में बने स्टेट टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर में रहने वाले कई प्रतिभाशाली छात्रों ने देश दुनिया में लौहनगरी जमशेदपुर का नाम रौशन किया। इसमें अब एक और नाम जुड़ गया। बीते 3 नवंबर को पटना के डॉन बॉस्को एकेडमी में आयोजित सीनियर वर्ग के जी-स्पेलबी माइंड वॉर कॉम्पिटिशन में गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के छात्र इवान उरांव को रैंक-एक के साथ इंटर स्कूल विजेता घोषित किया गया। इवान विवेक विद्यालय के क्लास नौवीं के छात्र हैं। इवान की माताजी शाहनाज परवीन वैली व्यू स्कूल की शिक्षिका हैं। इवान उरांव जमशेदपुर के पूर्व डीएसपी तेजवान उरांव का पोता है। उसका सपना था टीचर्स व स्कूल का नाम ऊंचा करना था। वे इवान ओरांव सिटी राउंड के 2 विजेताओं में से एक घोषित हुए। उन्हें तीसरे राउंड यानी क्लस्टर राउंड के लिए




क्वालिफाई किया गया। सीनियर वर्ग में उपविजेता बनने वाले झारखंड के एकमात्र छात्र हैं। वे अंग्रेजी में बहुत रुचि लेता है। साथ ही अपने स्कूल में सीनियर वर्ग के अंग्रेजी कविता तथा अंग्रेजी एकल अभिनय जैसे कार्यक्रमों में पुरस्कार भी ले चुका है। उन्हें अंग्रेजी गाना गाने में बहुत अच्छा लगता है। ग्रैंड फिनाले में उन्हें देखने के लिए हर कोई काफी उत्साहित है।

# मंत्री ने मां अंबे यूथ स्पोर्टिंग क्लब के काली पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 17 में मां अंबे यूथ स्पोर्टिंग क्लब काली पूजा पंडाल का मुख्य अथिति मंत्री चंपाई सोरेन ने उद्घाटन किया। मौके पर एसपी डॉक्टर विमल कुमार, एसिया के पूर्व अध्यक्ष संतोष खेतान, आरकेएफएल के अधिकारी शक्तिपद सेनापति, लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष ज्ञान जायसवाल, कांग्रेसी नेता राणा सिंह, शिव शंकर सिंह, पुराबी घोष, अरुण सिंह, प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खारसावां के अध्यक्ष मनमोहन सिंह सहित पूजा कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। पूजा कमिटी के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया।




मंत्री चंपाई सोरेन ने मां काली को हाथ जोड़कर नमन करते हुए समस्त झारखंड वासियों के लिए सुख शांति व समृद्धि के लिए कामनाएं की। इस अवसर पर मंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य के लोगों को काली पूजा,दीपावली छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने कमेटी द्वारा निर्मित पूजा पंडाल की सराहना करते हुए उनकी हौंसलाफजाई की। प्रत्येक साल हरिओम नगर में मां अंबे यूथ स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा काली पूजा का आयोजन किया जाता है। जिसमें स्थानीय युवाओं की अहम भूमिका होती है। कमेटी के अध्यक्ष शानू सिंह व उनकी पूरी टीम दिन-रात मेहनत कर काली पूजा का भव्य आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाते है। इसके लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं का भी सहयोग रहता है।

# कांग्रेसियों ने सफाई के लिए जेएनएससी को सौंपा मांग पत्र

**पार्किंग टेंडर प्रक्रिया अविलंब शुरू करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में जिला कमेटी के एक प्रतिनिधि मंडल जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उपनगर आयुक्त रवि प्रकाश से मुलाकात की।सोमवार को मुलाकात के दौरान विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श करते हुए एक मांग पत्र सौंपा। मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा लोक आस्था के महापर्व का छठ पूजा का आगमन हो चुका है। लेकिन अब तक सभी नदी घाटों का



सौंदर्यीकरण व साफ सफाई नहीं हुई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से तेज गति में साफ सफाई अभियान व नदी घाट का प्रबंधन कार्य को संपन्न कराने की मांग की। उन्होंने कहा नदी में श्रद्धालुओं को उतरने का रास्ता बरसात में खराब हो गया है। उसे भी ठीक किया जाये। साथ ही नदी तट तक पहुंचाने के लिए लाइट का प्रबंध,चेंजिंग रूम व गोताखोर के साथ-साथ नदी तट पर जगह-जगह सावधानी से संबंधित बोर्ड लगाने की मांग की। श्री दुबे ने कहा जमशेदपुर में बड़े पैमाने पर छठव्रती व श्रद्धालु नदी में आस्था के महापर्व छठ पूजा करने आते हैं, ताकि किसी को किसी तरह की परेशानी ना हो।

जिलाअध्यक्ष ने कहा टाउन हॉल व सोन मंडप के बगल में खाली स्थान पर कचरे का अंबार लगा है। जिसे साफ सुथरा कराया जाये। उन्होंने कहा शहर के पार्किंग व्यवस्था चरमरा गई है।टेंडर प्रक्रिया अब तक अधूरा है। पार्किंग व्यवस्था से सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है। ऐसे गंभीर मुद्दे पर विभाग के द्वारा उचित कदम उठाते हुए टेंडर प्रक्रिया को संपन्न किया जाए। प्राप्त जानकारी के मुताविक टेंडर प्रक्रिया नहीं होने के कारण राजस्व का अनाधिकृत रूप से लाभ ले रहे है। जिसमें कुछ पदाधिकारी व कुछ लोग शामिल है। साथ ही मंत्री के माध्यम से कैबिनेट में उक्त बात को रखने के लिए पत्राचार एवं मांग पत्र सौपेगी, जिसका पूर्ण रूप से जिम्मेवार जमशेदपुर आधिसूचित क्षेत्र समिति से संबंधित पदाधिकारी को माना जायेगा।

# काली पूजा पंडालों का विधायक मंगल कालिंदी ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** परसुडिह हलुदबनी स्थित कोचा कुल्ही वृंदाबन बस्ती, प्रमथनगर जुई रोड नव संघ, प्रमथनगर लोकनाथ मंदिर, श्री श्री काली पूजा समिति परसुडिह बाजार नामोंटोला, श्री श्री काली पूजा समिति गोलपहाड़ी, श्री श्री काली पूजा समिति भगत सिंह चौक जुगसलाई में काली पूजा में निर्मित भव्य पूजा पंडाल का विधायक मंगल कालिंदी ने उद्घाटन किया।



विधायक ने कहा मां काली शक्ति के रूप है। माँ काली के पूजा अर्चना से क्षेत्र में विकास की धारा तेजी चलते रहें, ताकि लोगों को हर सुख सुविधा उपलब्ध हो सके। विधायक ने पूजा-अर्चना कर जुगसलाई विधानसभा के रहने वाले सभी लोगो पर मां से आशीर्वाद बनाए रखने का कामना की। इस मौके पर तरुण पाल, राकेश चक्रवर्ती, प्रतीक शराफ, मानिक महतो, राजकुमार सिंह, लखन टुडू, महेश मुर्मू, ब्रजेश गुप्ता, ऋषिकेश सिंह, मिलन मजूमदार, उज्ज्वल सुर, दिलू रॉय, दिलीप गुप्ता सहित कमिटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# रोशनी से जगमगाया पूरा शहर जम कर की गयी आतिशबाजी

**रंगोली बनाकर और रंग बिरंगी झालर लाइटों से घर को सजाया**

**एक दूसरे को दीपावली की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी।**







आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा को व्यवसायिक जिला कहा जाता है,जहां के जिला मुख्यालय में यहां के लोगों के साथ साथ पड़ोसी जिला और पड़ोसी राज्यों से भी लोग व्यवसाय करने आते हैं,तभी तो दुर्गा पूजा संपन्न होने के साथ ही लोग घर के साथ साथ अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की साफ सफाई में जुट गए थे । ताकि दीपों का पर्व दीपावली मनायी जा सके, अपनी उम्मीदों पर वो किस रूप में वो खरे उतरे यह कल रात उस वक्त देखने को मिला जब जिला मुख्यालय स्थित घर और प्रतिष्ठान रंग बिरंगी रौशनी से नहा उठा, मिट्टी के दिये के साथ साथ रंगीन बल्ब युक्त झालरों से की गयी, सजावट लोगों को बरबस निहारने पर विवश कर रही थीं। उधर जहां लोगों द्वारा पूजा अर्चना कर प्रसाद का भी वितरण किया गया तो युवाओं द्वारा आतिशबाजी शुरू की गयी, जो देर रात तक चलता रहा, जहां एक और दीपावली के मौके पर लोगों ने अहले सुबह से पूजा सामग्री की खरीदारी की तो वहीं घर सजावट के लिए घर के छोटे बड़े बच्चे बच्चियों ने घर की सजावट और रंगोली बनाने के लिए जमकर खरीदारी की तो बम की खरीदारी भी लोगों ने किया और जमकर आतिशबाजी की यह सिलसिला रात्रि तक चलती रही और पूरे शहर में चारों ओर दीपों का प्रकाश जगमगाता उठा।

जबकि वहीं जिले के प्रतिष्ठित व्यवसाईयों ने अपने प्रतिष्ठान में अपने पंडित पुरोहितों से पूरे विधि विधान के साथ मां लक्ष्मी गणेश की पूजा अर्चना कर अपने व्यवसाय में उतरोतर वृद्धि की कामना की और एक दूसरे को दीपावली की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी।

# मुआवजा मिलने तक निर्माण कार्य नहीं होने देंगे ग्रामीण



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** एनएच 75 भू स्वामित्व संघर्ष समिति के तत्वावधान में ग्रामीणों की बैठक हलीवंता हॉस्पिटल चौक के समीप महेंद्र सिंह की अध्यक्षता आयोजित किया गया। बैठक में हलीवंता खुर्द, बभनी, महदेईया, जोरमा, सरहस्ताल, हलीवंता कला, बिलासपुर, गंगटी ग्राम के लोग शामिल होकर अपने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि जब तक हमलोगों को उचित मुवावजा नही मिलेगा तब तक अपने जमीन पर निर्माण कार्य नही होने देंगे। महेन्द्र सिंह ने कहा कि लगभग आठ गांव है जिसका मुआवजा बिल्कुल ही निम्न है और उस मुआवजा से सारे लोग असंतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों के विकास की लड़ाई नहीं है हम लोगों की लड़ाई सिर्फ मुआवजा की है, जब तक उचित मुआवजा नहीं मिल जाता है तब तक जमीन पर कार्य नही होने देंगे। उन्होंने कहा की ग्रामीणों में असंतोष व आक्रोश है यह मामला उच्च न्यायालय झारखंड रांची में दर्ज कर दिया गया है निर्णय होने तक सभी लोगों ने यह संकल्प लिया है कि हम लोग काम को स्थगित रखेंगे। जब तक कि हम लोगों को मुआवजा का काम नहीं हो जाता है, तब तक ठीकेदार के द्वारा लोगों को धमकाकर काम करने की नीयत का लोग विरोध कर रहे हैं और किसी भी स्थिति में काम करने देने को तैयार नहीं है। बिरेंद्र सिंह ने कहा कि जब तक हम लोगों को उचित मुआवजा नहीं मिल जाता है जान दे देंगे लेकिन जमीन पर कार्य नहीं होने देंगे। कोई भी अप्रिय घटना घटती है तो इसकी जिम्मेवारी एनएचआई के कर्मी और जिला प्रशासन की होगी। मौके पर बिरेंद्र सिंह, विजय सिंह, चंदन सिंह, विजय सिंह, पंकज सिंह, सुखविंदर राम, प्रशांत सिंह, नरेंद्र सिंह, चंद्रिका, रामप्रसाद, मुरलीधर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की तर्ज पर कांडी में विशेष दीपोत्सव का आयोजन



आजाद सिपाही संवादाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के सेमौरा बेसिक स्कूल में एक अनूठा व अभिनव आयोजन किया गया। जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चे कौतुहल से निहारते रहे। क्योंकि पूरे प्रखंड क्षेत्र में यह अपने तरह का एकलौता कार्यक्रम था। कांडी प्रखंड अंतर्गत सरकोनी पंचायत के राजकीय बुनियादी विद्यालय सेमौरा में रविवार दीपावली के अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या की तर्ज पर विशेष दीपोत्सव का आयोजन किया गया। जिससे पूरा विद्यालय भवन व परिसर दीपों की रौशनी से जगरमगर नजर आ रहा था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी, सरकोनी पंचायत के मुखिया सुबोध कुमार वर्मा तथा सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इस अभिनव व ऐतिहासिक आयोजन की शुरूआत की। जहां वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए बुनियादी विद्यालय सेमौरा में दिवाली के अवसर पर दो हजार 223 दीपक जलाए गए। यह संख्या अयोध्या में जलाए गए 22 लाख 23 हजार दीपों से प्रेरित है। इस दौरान शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, जन प्रतिनिधियों व छात्र छात्राओं ने दीपक जलाए। यह बुनियादी विद्यालय सेमौरा के लिए ही नहीं बल्कि पूरे कांडी प्रखंड के लिए गौरव का विषय है। इस कार्यक्रम से ग्रामीण कौतुहल व आश्चर्य में थे। क्योंकि ऐसा कार्यक्रम इस विद्यालय में पहले कभी भी नहीं हुआ था। इस दौरान बच्चों के बीच फुलझड़ी व पटाखौं का भी वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, उप मुखिया रानी देवी, मनीष कुमार, वार्ड सदस्य रिंकू देवी, रेणु देवी, सुनीता देवी, अरुण करुणेश, दीपक, रघुनाथ प्रसाद गुप्ता, राधे श्याम गुप्ता, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार रवि, शिक्षक अवध बिहारी यादव, अंजय कुमार रवि सहित कई अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## डिजिटल एक्सरे मशीन चालू कराने की मांग

**भवनाथपुर। जिला पार्षद सदस्य रंजनी शर्मा ने सिविल सर्जन गढ़वा को पत्र लिख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर की डिजिटल एक्सरे मशीन चालू कराने की मांग की है। जिपस ने बताया कि सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र भवनाथपुर मे मेरे लम्बे-समय के प्रयाश के बाद विभाग द्वारा डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराया गया है। जिसे क्षेत्रवासियों के लिये शुभारंभ करने के लिये प्रभारी चिकित्सा पर्वाववादी भन्नानपुर के द्वारा समय दिया जाता रहा है किंतु अभी तक शुभारंभ नही किया गया है, जनहित में डिजिटल एक्सरे का शुभारंभ करना आवनायक है।**

# टेंपो और पिकअप की टक्कर में महिला समेत चार लोग घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढवा रंका सड़क पर अनराज नवाडीह गांव में टेम्पो और पिकअप के टक्कर में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में गढ़वा थाना क्षेत्र के जरगढ़ गांव निवासी प्रेमचंद मेहता, संजय मेहता और उसका बहन-बहनोई मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कोरियाडीह गांव निवासी राजू मेहता और उसकी पत्नी रिंकू देवी का नाम शामिल है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त चारों एक टेंपो पर सवार होकर रंका से अपने घर जा रहे थे। इस दौरान गढ़वा की ओर से जा रहा पिकअप उनके टेंपो में टक्कर मार दिया जिसमें टेंपो पर सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद आस पास के लोगों की मदद से चारों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को रांची इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# लक्ष्मी पूजा का धूमधाम से किया गया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र में लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाया गया। वही मुकुंदपुर गांव में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर रविवार की रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया मुंगा साह और बीडीसी प्रतिनिधि इंतियाज आलम ने फीता काट कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने से समाज में आपसी समरसता कायम रहतीं हैं। समय- समय पर कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए। इस मौके पर नृत्यांगनाओं ने पुरी रात भक्ति और भोजपुरी गानों पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, संतोष प्रसाद, चंदन प्रसाद, दिनेश गुप्ता,ओम नारायण गुप्ता, अंगद गुप्ता, विरेन्द्र लाल, अरबिंद वर्मा, बुंदा कुमार,अभय वियार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# छठ महापर्व की तैयारी जोरों पर, साफ सफाई में जुटे क्लब और नगर परिषद

**जेसीबी के मदद से और मजदूरों के द्वारा कराया जा रहा है छठ घाट की साफ सफाई**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढवा।** गढवा जिले में लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है। दीपावली बीत जाने के बाद छठ महापर्व को लेकर गढवा जिला मुख्यालय के अन्य सभी छठ घाटों की साफ सफाई क्लब और नगर परिषद के द्वारा जोर-शोर से की जा रही है। एवं नदी की सफाई के साथ नदी में बनी निगरानी मंच क्लब का रंग रोगन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में छठ व्रर्ती दो नदी एक शहर के बीचो-बीच बहने वाली सरस्वती नदी एवं गढ़वा जिले के लाइफ लाइन कहे जाने वाली दानरो नदी में करती है। छठ व्रतीयो के लिए क्लब के द्वारा स्नान करने के लिए झरने का प्रबंध एवं साफ-सफाई के साथ घाट की सजावट अत्यधुनिक लाइटों के द्वारा किया जाता है। एवं छठ घाट को दुल्हन की तरह सजा दिया जाता है। जिसमें लाखों लाख रुपए खर्च होते हैं। और छठ महापर्व एक इतिहास बन जाता है। यहां छठ महापर्व के मौके पर पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ यूपी बिहार से भी छठ करने माताएं बहनें आती है। मौके पर स्टूडेंट क्लब के अध्यक्ष विनोद जायसवाल नेताजी ने कहा कि लोक आस्था का छठ महापर्व गढ़वा जिले में एक इतिहास बन चुका है । यहां युगो युगो से छठ पर्व पर घाट की साफ सफाई के साथ अत्यधिक लाइटों से साज सजावट की जाती है। और साथ ही छठ वतीयो के लिए बेहतर सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने कहां की यहां नदी की अस्तित्व खतरे में है। लोग इस कदर गंदगी फैला रहे हैं । कि अब नदी नाला में तब्दील होते जा रही है। हर वर्ष छठ महापर्व के मौके पर सभी क्लब के द्वारा नदी की साफ सफाई लाखो रुपए खर्च कर तो कराई जाती है। किंतु छठ बितने के बाद से ही लोग नदी में गंदगी फैलाने लगते हैं। और साथ ही नदी में अब बालू की किल्लत हो गई है। छठ के मौके पर घाट पर बालू डालने के लिए दूसरे नदी से बालू पैसा खर्च कर मगाया जाता है। यदि ऐसा ही रहा तो आने वाले दिन में छठ महापर्व लोगों को अपने घर आंगन में करना पड़ेगा इसलिए ऐसा ना हो इन सभी बातों पर हम सभी को गंभीरता से ध्यान देनी पड़ेगी और नदी के खोते अस्तित्व को बचाना होगा।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल, अस्पताल कर्मियों के खिलाफ हंगामा




आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य पथ पर दीपावली की रात दो बाईक के भिडंत में एक व्यक्ति कि मौत हो गयी, जबकि तीन लोग घायल हैं। घटना के आक्रोश में सोमवार को देर शाम दो दर्जन युवाओं ने अस्पतालकर्मी के विरोध जम कर नारा बाजी कीया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रामेस्वर उपाधयाय दल बल के साथ पहुंचकर नारेबाजी करने वालो को समझा कर भगाया। घटना के बारे में बताया जाता है कि बीती रात्रि सिंदुरिया निवासी लालमुनि साह व सुधि साह अपनी लूना से घर जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे एक ही बाइक पर तीन युवाओं ने सामने से टकर मार दिया जिससे लालमुनि साह, सुधिर साह, राहुल कुमार घायल हो गए सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थकेंद्र में युवाओं के द्वारा भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार करते हुऐ गढवा रेफर कर दिया। युवाओं ने ईलाज में हो रहे देरी व उपचार में कोताही बरतने की शिकायत करते हुए रात्रि में भी हंगामा किया। जिसमें रांची पहुंचने के दौरान एक घायल लालमुनि साह की मौत हो गयी।

इस घटना से आक्रोशित काफी संख्या में युवाओं ने बाईक पर सवार होकर सिंदुरिया गांव से नारेबाजी करते हुए सामुदायिक स्वास्थकेन्द्र पहुँचकर जमकर नारे बाजी कीया। बाद में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के द्वारा युवाओं को समझने बुझाने पर वे शांत हुए।

# छोटी सी पहल: कपड़ा बैंक से हजारों गरीबों की मदद कर चुके हैं शौकत खान



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आज से आठ वर्ष पूर्व झारखंड स्थापना दिवस पर अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने गरीबों के लिए निःशुल्क कपड़ा बैंक कि शुरूआत कचहरी रोड़ में किया था तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि शौकत की छोटी सी पहल देश दुनिया के लिए वरदान बन जायेगा और देखते देखते पुरे भारतवर्ष के लोगों ने शौकत खान के मार्गदर्शन में हजारों जगहों पर लोग निःशुल्क कपड़ा बैंक खोलकर गरीब असहाय जरुरतमंद लोगों को मदद कर रहे हैं। इससे उत्साहित होकर शौकत खान ने निःशुल्क चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक भी खोलकर अब तक दस लाख से अधिक गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचा चुके हैं। इसके लिए उन्हें देश भर से सैकड़ों अवार्ड और सम्मान मिल चुका है और देश भर के बड़े बड़े अधिकारी राजनीतिक लोग समाजसेवी लोग समेत बहुत सारे गण्यमान्यों ने शौकत के अनेक निःशुल्क बैंक में आकर इनके हौसला अफजाई कर चुके हैं। इस उपलब्धि भरें सेवा कार्य के बारे में पुछे जाने पर शौकत खान बताते हैं कि मैं शहीद आशीष कुमार तिवारी के सम्मान में ये सभी निस्वार्थ सेवा कार्य करता हूं और मेरा कोई भी एनजीओ नहीं है और ना ही मेरा कोई राजनीतिक से ताल्लुक है और ना ही मैं किसी से पैसा लेता हूं, मैं अपने बिजनेस से जो भी कमाता हूं उसी पैसों से मैं गरीबों के लिए अनेक निःशुल्क बैंक संचालित करता हूं और देश भर के लोग मेरे सेवा कार्य से प्रभावित होकर गरीबों के लिए कपड़ा, राशन और पठन पाठन सामग्री अपनी स्वेच्छा से मेरे बैंक में डोनेट करते हैं जो मैं स्विकार कर लेता हूं। और अभी 15 नवंबर को मेरा कपड़ा बैंक का आठ वर्ष पुरा हो रहा है। इस उपलक्ष्य में मैं गरीबों के बिच अपना सेवा सप्ताह मना रहा हूं इस सेवा में हम गरीबों को उनकी इच्छा और जरुरत कि चीजें देकर घर घर खुशियां पहुंचाने कि कोशिश कर रहे हैं इसी बिच आज दीपावली का पावन पर्व भी आया तो मैंने गढ़वा शहर में फुटपाथ पर जीवन यापन करने वाले और तंबू लगाकर रहने वाले और राहगीर और सफर में आने जाने वाले राहगीरों के बिच जाकर उन्हें अच्छी अच्छी मिठाइयां खिलाकर और फुलझड़ी पटाखे और दीप जलाकर पुरी रात दीपावली अनोखे अंदाज में मनाया।

## कार्यक्रम की सफलता को लेकर आवासीय कार्यालय में हुई बैठक

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में खूंटी से भाग लेंगे 20 हजार कार्यकर्ता: नीलकंठ मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जनजातीय गौरव दिवस पर 15 नवंबर को प्रधानमंत्री की खूंटी में होनेवाली जनसभा में क्षेत्र से 20 हजार से अधिक लोग भाग लेंगे। ये बातें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कही। वे सोमवार को खूंटी के अपने आवासीय कार्यालय में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की सफलता को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर यह अंतिम बैठक है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है कि लोगों कों सभास्थल तक पहुंचने में मदद करें। विधायक ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रधानमंत्री की बातों को सुनने से वंचित न रहे, इसका ध्यान कार्यकर्ता रखें। उन्होंने कहा कि खूंटी में प्रधाानमंत्री की जनसभा ऐतिहासिक होगी। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू और कैलाश राम, महामंत्री विनोद नाग, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, विकास चौधरी, योगेंद्र नाग आदि थे।



अपने आवासीय कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा।

# ईंट भट्ठा मजदूर ने की पत्नी की पीट-पीट कर हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना अंतर्गत चूरी होयर में संजय भुइयां नामक 32 वर्षीय युवक ने अपनी पत्नी शारदा कुमारी (19) की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना दीपावली के दिन की बताई जा रही है। वह पेशे से ईंट भट्ठा में मजदूर के रूप में काम करता है। वहीं, घटना पुलिस के संज्ञान में सोमवार की सुबह आई। खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने बताया कि शारदा कुमारी गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के रक्षी गांव की रहने वाली थी। वहीं आरोपित संजय भुइयां गढ़वा जिला के भंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम हरता टोला ठेकही का रहने वाला है। दोनों पिछले एक साल से पति पत्नी के रूप में रह रहे थे। 10 दिन पहले ही चूरी होयर स्थित भीम यादव के ईंट भट्ठा में मजदूरी करने आए थे। रविवार को आपसी विवाद के बाद नशे में धूत संजय ने शारदा को पीट पीटकर मार डाला। उसके चेहरे पर मुक्के से प्रहार किए जाने के निशान थे। संभवतः शारदा का गला भी दबाया गया था। खलारी पुलिस ने शारदा के शव के शव का पंचनामा करने के बाद उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। वहीं आरोपी संजय भुइयां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



# बुंडू में पारंपरिक तरीके से मनायी गयी दीपावली और गोवर्धन पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** प्रखंड क्षेत्र में दीपावली और गोवर्धन पूजा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से मनायी गयी। दीपावली के अवसर पर घरों में पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गयी। रात को आतिशबाजी कर बच्चों ने दिवाली का आनंद उठाया। सभी लोगों ने अपने-अपने घरों में मिट्टी के दिए जलाये और घर को अच्छी तरह से सजाया। लोगों ने एक-दूसरे से मिलकर दिवाली की बधाई दी। दूसरी ओर, पूरे ग्रामीण क्षेत्रों में इस त्यौहार को सोहराय पर्व भी कहते हैं। इस अवसर पर पारंपरिक रीति रिवाज से किसानों ने अपने-अपने घरों में गोवर्धन पूजा किया। मिठाई और लाल-काली मुर्गी की बलि गौशाला में चढ़ाई। किसानों ने गोवर्धन पूजा कर घर में खुशहाली समृद्धि और पशुधन घर-घर में होने की कामना की। इस पर्व को लेकर किसानों ने पशुओं को नहा धुलवा कर सिंदूर, तेल, धान की बाली रंग देकर सजाकर मिट्टी के दीप में घी डालकर आरती उतारी। सोहराय गीत गांव-गांव में लोगों ने दिवाली का आनंद उठाया और ढोल नगाड़े गाजे बाजे के साथ जाहली कार्यक्रम की शुरूआत की। घर-घर में त्योहार को लेकर गुड, पीठा, अरसा चावल, रोटी स्वादिष्ट पकवान मिठाई का लोगों ने भरपूर स्वाद उठाया। वहीं काली मंदिर में 2100 दीपों के साथ महा आरती का आयोजन किया गया। दिवाली के दिन बुंडू नगर स्थित कुम्हार टोली में प्राचीन कालीन काली मंदिर पर 2100 दीपों के साथ सामूहिक रूप से महा आरती का आयोजन किया गया। इसके बाद पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सोमवार को राम चरित्र कथा, मानस पाठ प्रवचन कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं, त्योहार को लेकर अनुमंडल प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात किए गए थे। बुंडू के अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो त्योहार को शांतिऔर सद्भावना के साथ मनाने की अपील करते हुए दिवाली की शुभकामनाएं दी।

## तमाड़ व अड़की में कालीपूजा व गोवर्धन पूजा की धूम

**तमाड/अड़की (आजाद सिपाही)।** तमाड़ व अड़की प्रखंड में दीपों का त्योहार दीपावली, काली पूजा और गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर बाजारों में काफी रौनक थी। लोग मिट्टी के दीये, करंज का तेल खुब खरीदे गए। मां लक्ष्मी व गणेश की मूर्ति की दुकानों में पूजा की गयी। इसके अलावा जगह-जगह काली पूजा विधि विधान से साथ संपन्न करायी गयी। इसके अलावा पटाखों की भी खूब बिक्री हुई। सूत्रों की मानें तो पूरे पांच परगना में करीब तीन करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। काला व लाल मुर्गा चेनगा खेतों व खलियान व घरों में पूजा के लिए खुब बिका। लोगों ने घरों को रंगो से रंगा। वहीं, सोमवार को गोवर्धन पूजा की गयी। लोगों ने गवाहल को गाय बैलों को नहला धुलाकर पूजा किया। वहीं, भगवान से अपनी मनौती को मांगा और जो पूरा हुआ उसका निर्वहन किया गया। चारो ओर भक्ति भाव का मौहाल था। घरों को मोमबत्ती-दीया व झिलमिल बत्तियों से सजाया गया था। लोग नये-नये परिधान खरीदकर पहनें और त्योहार का आनंद उठाया।

# तोरपा विधायक ने पत्नी के साथ की मां काली की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने सपत्निक सोमवार को तोरपा के कुम्हार टोली में बने पंडाल में जाकर मां काली की आरती उतारी और पूरे विधान सभा क्षेत्र के लोगों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इसके पूर्व पंडाल पहुंचने पर कुम्हार समाज के अध्यक्ष राजेंद्र महतो, खेदना महतो सहित अन्य लोगों ने विधायक और उनकी पत्नी को चुनरी भेंटकर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र में पहली बार काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है, यह काफी हर्ष की बात है। ऐसे आयोजनों से लोगों में धार्मिक भावना का संचार होता है और सामाजिक एकता के साथ ही जागरूकता आती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से नशाखोरी सहित अन्य बुराइयों पर हम लगाम लगा सकते हैं। मौके पर खेदना महतो, ज्ञानचंद महतो आदि उपस्थित थे।



# जामडीह सोहराई डायर जतरा में उमड़ी भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** बेंती पंचायत के जामडीह में सोहराई डायर जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्ट्रा का आयोजन हुआ। सबसे पहले सोमर पाहन की ओर से सुबह में पारंपरिक तरीके से पूजा की गई। दोपहर में जतरा में आयोजित नागपुरी ऑर्केस्ट्रा का उद्घाटन बेंती की मुखिया सरिता देवी और रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जतरा में आये कलाकारों महावीर नायक, इंग्नेश, पूनम सिंह, अंजनी देवी, रूपेश बड़ाईक, चिंता देवी ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किया और लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, मुखिया सरिता देवी ने कहा कि जतरा हमारी संस्कृति का प्रतीक है। बिगन सिंह भोगता ने कहा कि जतरा कई पीढ़ियों हमारे पूर्वज लगाते रहे हैं। क्योंकि यह जतरा हमारी परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर है। इस अवसर पर जतरा में खिलौने, श्रृंगार प्रसाधन एव पारंपरिक मिठाई की दुकान लगी हुई थी। देर शाम तक ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। इस मौके पर रंथू उरांव, नरेश गंझू, विनय खलखो, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, प्रकाश महतो, मुकद्दर कुमार, अनिता गंझू, प्रभाकर गंझू, शिवनाथ भोगता, रामधारी गंझू, रवि उरांव, नंदू गंझू, प्रभु गंझू, मधु गंझू, मरांडी गंझू, अरविंद सिंह, गणेश भुइयां राजकुमार गंझू, संजय गंझू, बरतु गंझू, मनोज गंझू, बंधन गंझू, शिवा गंझु, सोमर पाहन, संदीप गंझू, महेंद्र गंझू आदि मौजूद थे।

# काली पूजा व दीपावली शांति-सौहार्दपूर्ण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में काली पूजा, दीपावली और गोवर्धन पूजा सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। रविवार रात जहां शक्ति की देवी मां काली की पूजा की गई, वहीं प्रकाशोत्सव का पर्व दीपावली भी मिलजुल कर मनाई गई। लोगों ने एक -ूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दी। बच्चे जम कर आतिशबाजी किये। लोगों ने अपने-अपने घरों को दीप से सजा कर मां लक्ष्मी व गणेश की पूजा की। वहीं,व्यवसायियों ने भी अपने प्रतिष्ठान में मां लक्ष्मी व गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। जबकि किसानों की ओर से गोवर्धन पूजा किया गया। गाय बैलों को नहला धुलाकर साज सज्जा कराकर उनकी पूजा की गयी। वहीं, गवालिन की भी बच्चियों द्वारा पूजा किया गया।

# कल्याणपुर में सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर महादेव पुल के समीप रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गये। कार और बाईक की जोरदार टक्कर में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी के भतीजा सहित तीन युवक घायल हुए हैं। उनकी पहचान कल्याणपूर निवासी संतोष उरांव और मंझलीटांड़ निवासी रौशन उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक इस दिन सुबह रोशन और संतोष अपनी बाइक से मंडेर से वापस कल्याणपूर लौट रहा था। इसी बीच पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर महादेव पुल के समीप टंडवा की ओर जा रहे कार से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सवार एक युवक पुल के नीचे जा गिरा, जबकि दूसरे को कार ने घसीटते हुए 20 से 30 मीटर दूर तक ले गई। वहीं, कार सवार एक युवक को भी गंभीर चोट आई है। घटना के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जिसके बाद घायलों को बचरा क्षेत्रिय अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर, घटना की सूचना पाकर पिपरवार और टंडवा पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली और दोनों वाहनों को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया।



# खूंटी में धूमधाम से मनायी गयी दीपावली

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** दीपों का पर्व दीपावली रविवार को पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। सनातन धर्मावलंबियों ने अपने घरों और आंगनों में दीप जलाकर और रंगोलियां बनाकर दीपावली मनाया। साथ ही धन की देवी माता लक्ष्मी और विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर अपने और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। जिला मुख्यालय के अलावा में काली पूजा का भी आयोजन किया गया। दीपावली को लेकर लोगों खासकर बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। हर ओर पटाखों की आवाज और आतिशबाजी से पूरा इलाका जगमगा रह था। लोगों ने अपने घरों और व्यवासायिक प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया था। पटाखों की दुकानों के अलावा मिठाई और फलों की दुकानों में ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही। दुकानदारों ने बताया कि सबसे अधिक बिक्री लड्डू और बर्फी की रही। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में भी दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।



# राहे में धूमधाम से हुई मां काली की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**राहे।** प्रखंड क्षेत्र में बंगाली समुदाय की ओर से धूमधाम से मां काली की पूजा की गयी। सोमवार की रात बंगाली समुदाय की ओर से दो मंदिर में भव्य काली प्रतिमा स्थापित किया गया था। काली मंदिर में लोगों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ माता काली की पूजा की। पौराणिक मंदिर में स्थापित काली माता की प्रतिमा पर पूजन के बाद समापन के दौरान बकरे की बलि दी गयी। रात एक बजे के बाद पूजा का समापन किया गया। लोगों ने भक्ति और श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये। इधर राहे श्मशान घाट स्थित काली मंदिर में रात 12 बजे काली पूजा किया गया। सोमवार सुबह पूजा कमेची की ओर से भोग वितरण किया गया।

## रौशनी से जगमगाया पिपरवार कोयलांचल, जमकर हुई आतिशबाजी

# पिपरवार में उत्साह-उमंग के साथ मनी दीपावली

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलॉचंल व आसपास के ग्रामीण इलाको में रौशनी का महापर्व दीपावली उत्साह और उमंग के साथ मनायी गई। दीपावली को लेकर पूरा क्षेत्र रौशनी से जगमगा उठा। हर चेहरे पर खुशियां झलक रही थी। बच्चों में गजब का उत्साह दिखा। बच्चों ने जमकर आतिशबाजी की। वहीं क्षेत्र के लोगों ने अपने-अपने घरों व दुकानों में विधिवत पूजा कराया और एक-दूसरे के घर जाकर मिठाई खिलाकर दीपावली की बधाई दी। लोगों ने अपने-अपने घरों में विद्युत सज्जा और फूल मालाओं से सजाया और दीपावली का जश्न मनाया। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी उत्साहित दिखे। पूरा इलाका पटाखों की आवाज से गुजंता रहा। बचरा, राय, चुरी, बेंती, बमने, पुरानीराय, चिरैयांटांड़, किचटो, बहेरा, कल्याणपूर, कारो, बिलारी, हेंदेगीर, बचरा बस्ती और होशिर आदि ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया।



पटाखे जलाकर आनंद करते बच्चे।

### एक दीया शहीदों के नाम

दीपावली को लेकर कोयलॉचंल क्षेत्र के लोगों ने एक दीया देश के शहीदों के नाम जलाया। लोगों ने अपने-अपने घरों में शहीदो के सम्मान में दीया जलाया। लोगों ने बताया कि अपनी जान जोखिम में रखकर सीमा पर जवान देश की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। कर्तव्य के साथ डयूटी करने वाले कई जवान देश की रक्षा के लिए शहीद हो चुके हैं। ऐसे जवानों के सम्मान में एक दीया जलाकर उन्हें नमन किया जा रहा है। दूसरी ओर, दीपावाली को लेकर पिपरवार कोयलांचल में सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया। सभी चौक-चौराहे, आवासीय कालोनी और ग्रामीण इलाकों में पिपरवार पुलिस द्वारा लगातार गश्त की गई। पिपरवार थाना प्रभारी गोविदं कुमार ने बताया कि त्योहार को लेकर शरारती तत्वों के अलावे मनचलों पर कड़ी नजर रखी गई है। क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार संपन्न कराने में स्थानीय पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खलारी में मनायी गयी काली पूजा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी एवं मैकलुस्कीगंज में काली पूजा श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर विभिन्न काली मंदिरों और पंडाल को आकर्षक रूप से सजाया गया। खलारी के सभी परियोजना एवं साइडिंग सहित करकट्टा में लोगों ने देर रात मां काली की पूजा की। खलारी और मैकलुस्कीगंज स्टेशन कॉलोनी परिसर में मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की गयी। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में दीप जला कर पूजा की। स्टेशन परिसर में मां काली की प्रतिमा के दर्शन को लोगों का तांता लगा रहा। मंगलवार की शाम मां की प्रतिमा का विसर्जन होगा।

# चिरैयाटांड़ में निकली कलश यात्रा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटांड गांव में तीन दिवसीय काली पूजा सह मेला की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर चिरैयांटांड़ काली मंदिर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए दामोदर नदी पहुंचा, जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद कलश में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा वापस मंदिर प्रांगण पहुंच कर कलश की स्थापना की गई। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 15 नवंबर को एक दिवसीय मेला का भी आयोजन किया जाना है। जिसका उद्घाटन बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद ने किया। इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस मौके पर समिति के बसंत नारायण महतो, विमल महतो, लखन महतो, बालकिशुन महतो, नागेश्वर महतो, विश्वनाथ महतो, जानकी महतो, कीर्तन महतो, अर्जुन महतो, विजय महतो, टिकेश्वर महतो, वीरेंद्र महतो, प्रीतम महतो, अमर महतो, देवनाथ महतो, गुलाब चंद महतो, राजेश गंझु, महेश महतो, सुरेश करमाली, नागेश्वर महतो, शिवनाथ महतो, सुरेश महतो, संतोष महतो, अजय महतो, रमन महतो, प्रदीप महतो, तरुण महतो व राज महतो आदि थे।

# हर्षोल्लास के साथ दिवाली और सोहराई पर्व मना





आजाद सिपाही सवांददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली का त्योहार हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली पर लोगों ने शाम को शुभ मुहूर्त में भगवान श्री गणेश और देवी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना किया। साथ ही लोगों ने अपने घर को दीया व रंग-बिरंगे लाईट से सजाकर भगवती मां लक्ष्मी व भगवान श्री गणेश का स्वागत किया। साथ ही दीपावली को लेकर लोगों ने अपने आंगन को रंग-बिरंगे रंगोली से सजाया। वहीं बच्चों में दीपावली को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने मिट्टी व कार्टन का घर बनाकर पूजा की। साथ ही बच्चों ने रंग-बिरंगे पटाखें जलाकर दीपावली का आनंद लिया। इधर साांई मंदिर रोड में मां काली की प्रतिमा स्थापित कर मां काली की पूजा अर्चना की गयी। जहां मां के दर्शन और पूजन के लिए पूजा पंडालों में दूसरे दिन सोमवार को श्रद्धालु भक्त पहुंचे और महाआरती किया। साथ ही पूजा महासमिति द्वारा भंडारा का वितरण किया गया।

## लापुंग में दीपावली और सोहराई पर्व मना



बेड़ो काली पूजा में आरती करते हुए श्रद्धालु।





लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड में प्रकाश पर्व दीपावली और सोहराई पर्व हषोर्लाश पूर्वक मनाया जा रहा है। 12 नवंबर को रात में दीपावली के अवसर पर सनातनी व सरना धर्मावलंबियों के घर घर मिट्टी दिए में करंज तेल से घर को रोशन किया गया। मठ मंदिरों को भी दीपो से रोशन किया गया इसके अलावे इलेक्ट्रॉनिक लाइट से भी घरों को रोशनी से जगमगाए गए। रात में धन की देवी लक्ष्मी गणेश की पूजा किया गया। फतेहपुर हनुमान व शिव मंदिर में 251 मिट्टी के दिए करंज तेल से युवा वाहिनी संघ फतेहपुर के युवाओं ने दीप जलाया । घरों के आंगन में रंगोली बनाती महिलाएं व बच्चियों को देखा गया। 13 व 14 नवंबर दोनो दिन गोवर्धन पूजा किया जा रहा है लोग गाय और बैल को नहलाकर फूल माला पहना कर उससे दाना खिलाते देखे गये। इसके अलावे अनेक सनातनी पुरानी पारम्परिक प्रथा कहे या रूढ़िवादी मुर्गे की बलि पूर्वजो की याद में देते है और पूरे परिवार उस मुर्गे की मांस को पकाकर कहते है। इस सोहराई पर्व के नाम पर निर्दोष सैकड़ो मुर्गे की बलि दी जाती है साथ मे हड़िया का तपावन देने की प्रथा कायम है। इसमे सरना और सनातन दोनो धर्मावलम्बी मुर्गा की बलि और तपावन देने की प्रथा वर्षों से देते आ रहे है। लापुंग,ककरिया, लालगंज, महुगाव, दोलैचा, देवगांव, मालगो ,फतेहपुर के अलावे दर्जनो गांव में दीपावली व सोहराई पर्व मनाया गया।

## दीपावली और काली पूजा और सोहराई पर्व संपन्न

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। प्रखंड में शुक्रवार को धन तेरस, रविवार को दीपावली व काली पूजा सोमवार को सोहराई पर्व धूम धाम से संपन्न हो गयी। धनतेरस के अवसर पर ओरमांझी के आर के म्यूजिक सेन्टर, मां मोबाईल, मामा फोनेक्स, डी टी इंटरप्राइजेज, शंकर बर्तन दुकान में ग्राहकों की खासी भीड़ देखी गयी। मौसम व ग्राहकी अच्छी रहने के कारण कुम्हारों के चेहरे पे खुशी देखने को मिली। धनतेरस शुक्रवार बाजार को पड़ने के कारण सुप व झाडू की बिकवाली भी खूब रही। सेवन वंडर टी वी एस बाइक के शो रूम में भी दो पहिया वाहनों में ग्राहकों की खासी भीड़ दिखी। रविवार देर रात्रि को ओरमांझी व आनन्दी में मां काली की पूजा अर्चना की गयी । काली पूजा समिति ओरमांझी के द्वारा सोमवार को दोपहर से देर शाम तक भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में भाजपा के जैलेंद्र कुमार और पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जय गोविंद साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे।





बेड़ो में घरौंदा बनाकर ग्वालिन जलाएं छोटे बच्चे।



बेड़ो में अपने अभिभावकों के साथ पटाखा छोड़ते बच्चे।

## बेहतर गांव और समाज के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है : मुखिया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करकरी पंचायत के खड़देवरी गांव में संचालित प्रौढ़ शिक्षा रात्रि पाठशाला के पढ़ने वाले व संचालक के साथ मिलकर पंचायत की मुखिया सरिता एक्का ने हौसला बढ़ाया। मौके पर मुखिया ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में इस गांव लोग सराहनीय कार्य कर रहे हैं ।उन्होंने ने कहा कि बेहतर गांव और समाज के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। जिसने भी शिक्षा को अपनाया उसका भविष्य बहुत अच्छा हुआ है। पढ़ने लिखने से समाज शिक्षित होगा और शिक्षित समाज से ही देश का विकास होता है। वहीं रात्रि पाठशाला के दौरान रात में लाइट कट जाने के बाद पढ़ाई करने में बहुत दिक्कतें होती थी। जिसे देखते हुए मुखिया द्वारा लाइट व पाठ्य सामग्री दिया गया। वहीं मौके पर ग्राम प्रधान हरिशंकर उरांव, वार्ड सदस्य कनकलता टोप्पो सलोमी खाखा बेलस तिग्गा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## करंट लगने से दो गाय की मौत, मुआवजे की मांग

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह नरकोपी थाना क्षेत्र के तुतलो दरशिला गांव में सोमवार की सुबह लगभग नौ बजे खेत पर करंट की चपेट में आने से दो दुधारू गाय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों मवेशी तुतलो दरशिला निवासी जहीर अंसारी पिता अली अंसारी की है। इस संदर्भ में भुक्तभोगी जहीर अंसारी ने बताया कि दोनों गायों को सुबह चराने के लिए वे चापाडीह स्थित खेत की ओर ले जा रहे थे। इसी दौरान दोनों मवेशी करंट की चपेट में आ गए। जिससे घटनास्थल पर ही दोनों गायों की मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर तुतलो की मुखिया गंगी कुमारी व कुलदीप उरांव पीड़ित के घर पहुंचीं। उन्होंने सांत्वना देते हुए अंचलाधिकारी से बात कर उन्हें आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाने की बात कही। वहीं जहीर अंसारी का कहना है कि दोनों गाय की मौत से उनकी कमर टूट गई है। गाय दुधारू थी। इसके दूध की विक्री से ही हमारा जीविकोपार्जन चलता था। वहीं भुक्तभोगी ने स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक पदाधिकारियों से अपने गाय की हुई मौत को लेकर मुआवजे की मांग की है।

## निरोग रहने के लिए गोवर्धन पूजा की



**इटकी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के गोपालक। किसानों द्वारा अपने घरों में गो वंश वृद्धि के साथ साथ निरोग रहने के लिए गोवर्धन पूजा किया। किसानों द्वारा अपने घरों में पाले गए गाय, बैल, बकरी व अन्य पशुओं को स्नान करा कर सजाया व उनकी पूजा अर्चना की। किसान अपने गौशाला में गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसकी भी पूजा किया। भगवान को प्रसाद हेतु अनेक प्रकार के अनाज से बने। दाना का प्रसाद स्वरूप। भोग लगाया। प्रसाद को अपने तथा अपने जानवरों को खिलाया जिसे प्रसाद स्वरूप बांटा भी गया। मान्यता है की गोवर्धन पूजा करने से उनके पशुओं में किसी प्रकार की। महामारी या अन्य बीमारी नही होती है। गोवर्धन पूजा करती गोपालक किसान।

## रांची जिला उपाध्यक्ष बने रमेश पांडेय



नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम जोरार लिची बगान निवासी रमेश कुमार पांडेय को रांची जिला कांग्रेस कमिटी का उपाध्यक्ष मनोनित किया है। उन्हे यह जिमेम्वारी जिला अध्यक्ष डॉ किरण महतो के द्वारा दिया गया। डॉ किरण महतो ने रमेश पांडेय को उपाध्यक्ष नियुक्त करते हुये पूर्ण विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी के नीतियों और कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये संगठन को मजबूती देने के लिये सर्वसेष्ठ योगदान देंगे। उनके रांची जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, शेखर सिंह, अनिल ठाकुर, अभिषेक भारद्वाज, सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने बधाई दी है।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल में दिवाली उत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा के बच्चों द्वारा दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा चैथी से नवीं के विद्यार्थियों नें भाग लिया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं हुई। इसमें प्रथम स्थान पर विनोद बेदिया, आलोक कुमार महतो, साक्षी, माही एवं पूजा कुमारी रही, द्वितीय स्थान पर तन्नु, रोहित और पीहू कुमारी रहे वहीं तृतीय स्थान पर तमन्ना महतो एवं भाग्यश्री रही। बाद में सभी सफल प्रतिभागी बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि दीपावली लोगों में मधुरता, स्वच्छता, सादगी और सज्जनता का भाव उत्पन्न करता है। दीपावली अंधकार पर प्रकाश की जीत का पर्व है। कार्यक्रम में अविनाश कुमार एवं रंजीत कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक आनंद, भुनेश्वर, घासीराम, उमेश, सुमंत, शिक्षिका कल्याणी, पुतूल, नीलू, मोनाप्रिया, फुलेश्वरी, अंजलि टोप्पो, स्नेहा शालिनी, मधु ममता, कुसूम कुमारी आदि का योगदान रहा।

## ताइक्वांडों में मेडल जीतनेवाले बच्चे सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददता



**अनगड़ा।** गोंदलीपोखर मध्य/उच्च विद्यालय में शनिवार को आयोजित एक समारोह में ताइक्वांडों चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले विद्यालय के बच्चों को सम्मानित किया गया। मालुम हो कि देवघर में आयोजित 23वें झारखण्ड स्टेट सीनियर ताइक्वांडों चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्कूल के 8 बच्चों ने शानदार प्रर्दशन करते हुए गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था। मेडल जीतने वालों में मनीष कु महतो, नीरज बेदिया, शशि मुण्डा, आर्यन, बबली, भारती अंकुश नाग एवं रितेश कुमार महतो शामिल हैं। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव डॉ अमर कुमार चैधरी थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कुमूदकला मेहता उपस्थित हुई। इस अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए डॉ अमर कुमार चैधरी ने कहा कि मेडल जीतने वाले सभी बच्चों को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए विद्यालय परिवार हर संभव मदद करेगी। डॉ कुमूद कला मेहता ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल से शारिरिक व मानसिक तंदुरूस्ती तो मिलती हीं है साथ हीं अनुशासन को भी बढ़ाता है। प्राचार्य ब्रजेश महतो नें बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन सखीचंद महतो ने किया। समारोह में सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित हुए।

## लापुंग में 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग बिरसा चौक पर नया भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित किया है। पुराना बिरसा मुंडा के प्रतिमा का विषर्जन कर इसके जगह नया प्रतिमा का अनावरण 15 नवंबर 11 बजे दिन में भगवान बिरसा मुंडा का जन्म दिन व झारखंड राज्य के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। पुराना बिरसा मुंडा की प्रतिमा जर्जर हो गया था इसलिए इसके स्थान पर नया भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा विधायक निधि से किया गया है । इसी दिन लापुंग में प्रतिमा का अनावरण के उपरांत लालगंज के गाड़ी गांव में बिरसा जयंती पर बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मेले का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली ने दिया।

## सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस और झारखंड स्थापना दिवस समारोह का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में शनिवार को बाल दिवस सह झारखंड स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं दीपावली के शुभ अवसर पर बच्चों द्वारा आकर्षक रंगोली भी उकेरी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एडवर्ड लुगून, निदेशक डॉ अमर चैधरी और सचिव डॉ कुमूदकला मेहता ने बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन के बारे में रोचक जानकारी देते हुए झारखण्ड अलग राज्य निर्माण में हुए संघर्ष की कहानियों को बताया। विद्यालय के कक्षा 9 की आरती कुमारी एवं कक्षा 8 की शिवानी ने झारखंड के इतिहास के बारे में कई रोचक कहानी एवं संघर्षों से अवगत कराया। कार्यक्रम का नेतृत्व शरद शशि, विभा एवं नीरज ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## संत मेरीज विद्यालय में वार्षिक समारोह



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** क्लारिस्ट फ्रांसिस्कन मिशनरिज ऑफ द मोस्ट ब्लेसेड सक्रामेंट की धर्म बहनों की संस्था के 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को संत मेरीज विद्यालय गेतलसूद में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इससे पहले दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर निर्मला ने विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशप स्वामी थियोडोर मास्कहेरेंस थे। मौके पर अपने संबोधन में विशप ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों की अहम योगदान होता है। समारोह में स्कूल के मेधावी बच्चों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिस्टर निर्मला, सुनील, सिस्टर सुमन, आलमा, वंशीधर, सिस्टर नेली, राजकिशोर, बालेश्वर बेदिया आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## नामकुम बीडीओ ने लिया छठ घाटों का जायजा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व के मद्देनजर छठ घाटों की साफ सफाई एवं विधि व्यवस्था का जायजा लेने सोमवार को नामकुम प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। जिसमें स्वर्णरेखा नदी छठ घाट नामकुम रेलवे क्रॉसिंग, टाटीपूर्वी पंचायत के छठ घाट, टाटीपश्चिमी पंचायत के छठ घाट, आरा पंचायत के छठ घाट आदि घाटों का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि छठ पर्व से पूर्व छठ घाटों में साफ सफाई में तेजी लाये तथा बिजली एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने को निर्देश दिया। इस अवसर पर टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनिय अभियंता विश्वजीत यादव, वीरेंद्र, स्वच्छ भारत मिशन के प्रखंड समन्वयक मुन्ना, टाटीपूर्वी मुखिया कृष्णा पहान, पंसस रमेश टाटीपश्चिमी मुखिया सुनीता, पूर्व पंसस शैलेश मिश्रा, समाजसेवी रमेश पांडे, रेलवे क्रॉसिंग छठ पूजा कमेटी के अध्यक्ष दीपक राणा, जलसहिया तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## घने कुहासे से आवागमन में लोगों को हुई परेशानी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में दीपावली की सुबह सोमवार की सुबह मौसम में हुई परिवर्तन के कारण क्षेत्र में सुबह नौ बजे तक घने कुहासा छाया रहा। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुहासा रहने से आवागमन में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह लगभग नौ बजे तक कोहरे का असर रहने से रांची गुमला मुख्य मार्ग व लोहरदगा मार्ग पर आवाजाही करने वाले वाहन चालक को भी दिन में बत्ती जलाकर चलना पड़ा। सुबह काफी देर तक मौसम में कुहासा छाए रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिस कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही थी। इधर ठंड व कुहासे के बढ़े प्रकोप से वाहनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया।

## संजय सेठ ने मां काली की पूजा कर मांगा आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** रांची सांसद संजय सेठ और पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार काली पूजा के अवसर पर रामपुर पहुंचे। यहां उन्होंने श्री श्री श्यामा काली पूजा के द्वारा आयोजित काली पूजा में शामिल होकर मां काली की पूजा अर्चना कर राज्य आर देश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान काली पूजा के सदस्यों की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर सांसद ने कहा कि इस संसार में मां एक महाशक्ति है। मां काली से हम सभी की प्रार्थना है कि देश और समाज से अत्याचार दुराचार को समाप्त कर मानवता की भावना को पैदा करें। इधर, देर शाम खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के खूंटी आगमन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अतिथि के रुप में प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। गौरतलब है कि 15 नवंबर बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह जनजातीय गौरव दिवस के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन खूंटी में हो रहा है। जिसमें खिजरी मंडल से करीब 6 हजार कार्यकर्ता शामिल होगे। इस मौके पर मुख्य रुप से पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, लोक सभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, अनुसूचित जाति एससी मोर्चा ग्रामीण जिला मंत्री अशोक नायक, समाजसेवी समीर राय, सांसद प्रतिनिधि शंकर सिंह मुंडा, भाजपा नेता रितेश उरांव, हिंदू नेता विकास जयसवाल, समाजसेवी प्रभाष झा, गोरखनाथ सिंह, विक्रम राय, धर्म सिंह मुंडा, तुलसी गोप, उमीर्ला देवी के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## हेसल में मस्जिद-ए-जैतून के तामीर को लेकर जलसा 22 को

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)** प्रखंड के हेसल गांव में मस्जिद ए जैतून की तामीर को लेकर आगामी 22 नवंबर को नमाज ए मगरिब के बाद जलसा का आयोजन किया गया है। इस जलसा में मुख्य रूप से गिरिडीह झारखंड के उलेमा मो अकरम साहब कासमी, मुमताज आतिफ, इरबा के मौलाना समिउल हक, इरबा जामा मस्जिद के इमाम अबु ओबैदा कासमी, पिठोरिया कांके के मौलाना मोजफ्फर हुसैन इरफानी आदि शामिल हो रहे हैं। जलसा के आयोजन में अंजुमन आवामी तरक्की एदारह बाशिन्दगान ए हेसल के मौलाना अलीमउद्दीन निभा रहे हैं।

### सरकारी व रैयती भूमि पर उगने वाले केंदु पत्ते का 1700 रुपये प्रति मानक बोरा क्रय दर के निर्धारण का परामर्श सरकार को देने का निर्णय

# लघु वनोपज केंदु पत्ते का बेहतर तरीके से करायें संग्रहण: आयुक्त

- वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सदस्यों के साथ हुई बैठक
- पलामू प्रमंडल के कार्य क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2024 मौसम के लिए प्राथमिक संग्रहणकर्ताओं से केंदू पत्ती के क्रय दर प्रति मानक बोरा के निर्धारण के लिए सरकार को परामर्श का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता


वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक करते प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल।

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के कार्य क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2024 संग्रहण मौसम के लिए केंदू पत्ती के संग्रहण मूल्य (क्रय दर) प्रति मानक बोरा के निर्धारण के लिए सरकार को परामर्श देने को लेकर आयुक्त सह केंदू पत्ती सलाहकार समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में सभी सदस्यों की सोमवार को बैठक हुई। जिसमें राज्य सरकार को परामर्श देने के लिए विचार-विमर्श किया गया। आयुक्त मनोज जायसवाल ने लघु वनोपज केंदू पत्ती के संग्रहण कार्य को बेहतर तरीके से कराने एवं पत्ता तोड़ने वाले मजदूरों की सुविधा का ध्यान रखते हुए संग्रहण कार्य कराने का निर्देश दिया। बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2024 संग्रहण मौसम के लिए सरकारी भूमि पर उगने वाले एवं रैयती भूमि पर उगने वाले केंदू पत्ती 1650 रुपये से बढ़ाने के लिए विचार -विमर्श किया गया। आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श के बाद 1700 रुपए प्रति मानक बोरा संग्रहण मूल्य निर्धारण के लिए सरकार को परामर्श देने का निर्णय लिया गया। इसके पूर्व समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा केंदू पत्ती की उत्पादन मात्रा अधिसूचित की गई थी, जो काफी पुराना निर्धारण है। सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि झारखंड अलग राज्य बनने से लेकर वर्तमान तक सभी वर्षों के उत्पादन के औसत को अधिसूचित मात्रा पुननिर्धारित करने का आधार बनाकर कम से कम दर निर्धारण किया जा सकता है।

विकास मद की राशि का उपयोग की स्थिति को लेकर समिति का परामर्श है कि केन्दू पति संग्रह समिति के पास उपलब्ध विकास मद की राशि से विकास योजना एवं केन्दू पत्ती पौधों के संवर्धन के कार्य के साथ-साथ नए गोदाम का निर्माण, दोना- पत्तल निर्माण, मधुमक्खी पालन के संग्राहक समितियों के आय में वृद्धि हो सकती है। समिति द्वारा सुझाव दिया गया कि केन्दू पत्ती संग्राहकों को असंगठित कर्मकार कल्याण योजना एवं ई-श्रम पोर्टल पर निबंधित कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराये जाने पर विचार किया गया । बैठक में आयुक्त-सह-केंदुपत्ता सलाहकार समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर रहे थे, जबकि वन संरक्षक पलामू- सह-विशेष आमंत्रित सदस्य के प्राधिकृत प्रतिनिधि दिलीप कुमार यादव, महाप्रबंधक-सह-संयोजक सबा आलम अंसारी, आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार के अलावा सदस्य कृष्णा प्रसाद यादव,विनोद यादव,रामलाल उरांव,शंखनाथ उरांव, बालमुकुंद पासवान,भुखु राम,इफ्तेखार अहमद खान, ब्रजकिशोर सिंह आदि सदस्य एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में उपस्थित थे।

## पांकी में लगेंगी बाबा साहेब की 51 प्रतिमाएं


शिलापट्ट का अनावरण करते पांकी विधायक कुश्वाहा डॉ शशि भूषण मेहता।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने रविवार को ढेला चौक के पास डॉ भीमराव अंबेडकर चौक के नाम से लिखे गये शिलापट्ट का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि वे जल्द ही इस चौक का सुंदरीकरण करेंगे। साथ ही यहां बाबा साहेब की प्रतिमा भी स्थापित करेंगे। उन्होंने पांकी विधानसभा क्षेत्र में 51 जगहों पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित कराने की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि ढेला रोड में सड़क किनारे नाली के निर्माण के साथ ही साथ सड़क का लेवलिंग भी किया जाएगा। इस काम को लेकर विभाग की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वे इसी मिट्टी में पले और बड़े हुए हैं। इसलिए यहां के विकास और सौंदर्यीकरण में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सड़क के कारण लोगों को जो भी समस्या हो रही है वो पूर्व के संवेदक के गलत काम का नतीजा है। जिसमें सुधार की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन निर्मल मेहता ने किया। इस अवसर पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मंदीप मेहता, वीरेंद्र कुमार, कमेश यादव आदि ने अपने विचार रखे। इस मौके पर रविदास महासभा के अध्यक्ष सरजू राम, उपाध्यक्ष मनोज राम, अखिलेश राम, विनोद राम, अनिल कुमार, पंकज राम, धनंजय राम, मोदी राम, उदय राम, सोनू कुमार, संजय राम, सिकंदर राम आदि उपस्थित थे।

## बैठक से अनुपस्थित रहे सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का वेतन रोकने का डीसी ने दिया निर्देश

### कई बीएलओ पर्यवेक्षकों का भी वेतन रोकने का निर्देश



जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बीएलओ सुपरवाईजर एवं सभी कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ बैठक कर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत अबतक किये गये कार्यों की समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने बिना अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहे सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिये साथ ही इस विषय पर निर्वाचन विभाग से पत्राचार करने की भी बात कही। वहीं बीएलओ पर्यवेक्षक जो बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित है उनको निलंबित करने की बात कही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विशेष कैंप के दौरान कौन-कौन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बूथ पर गये इसकी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बीएलओ पर्यवेक्षकों से उनके द्वारा उनके किस बूथ पर कितना प्रपत्र 6 का कलेक्शन हुआ है इसकी विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने सभी से कहा कि निर्वाचन बेहद ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है जिसमें सबसे अहम हेल्थी रोल का है ऐसे में इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले पर्यवेक्षकों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अहर्ता तिथि एक जनवरी 2024 के आधार पर सभी योग्य युवक-यूवतियों का मतदाता पहचान पत्र बनाया जाना है इसे हर हाल में पूर्ण करें। उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को बीएलओ सुपरवाईजर व बीएलओ के साथ समय-समय पर बैठक करने का भी निर्देश दिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु समेत अन्य उपस्थित रहे।

## बच्चों को उनकी क्षमता के अनुरूप लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए पीटीएम आवश्यक : प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** तरहसी स्थित सीपीएस सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत छात्रों के अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बैठक (पेरेंट्स-टीचर मीटिंग) का आयोजन किया गया, जिसमें परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य यह था कि इस बैठक में ज्यादा से ज्यादा अभिभावक अपने बच्चों के शिक्षकों के साथ वार्तालाप कर सकें और अपने बच्चों के प्रगति की जानकारी शिक्षकों से ले सकें। ज्ञातव्य हो कि उषा कुमारी ने 99 फीसदी अंक लाकर विद्यालय एवं अभिभावकों का मान बढ़ाया। 95 फीसदी से अधिक अंक लाने वालों में उत्कर्ष, संतोषी, नंदनी एवं कई अन्य विद्यार्थी हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित कुमार गुप्ता ने अभिभावकों से कहा कि आजकल के भागदौड़ की जिंदगी में सभी अपने-अपने कामों में व्यस्त हैं। जिस कारण अभिभावक अपने बच्चों पर पूर्ण रुप से ध्यान एवं समय नहीं दे पाते हैं, जिससे बच्चे खुद को अकेला महसूस करते हैं। इसलिए आप सभी अपने बच्चों के लिए अपने व्यस्तम समय में से कुछ समय उनके लिए भी निकालें जिससे उनके सर्वांगीण विकास में सहायता मिलेगी। साथ ही उन्होंने विद्यालय में हो रहे सभी तरह के कार्यक्रम की जानकारी अभिभावकों को दी। जिससे की आपके बच्चों का एकेडमिक के साथ-साथ अलग तरह की एक्टिविटी में भी वो पारंगत हो सके। ताकि आने वाले जीवन में सफल हो सके। उन्होंने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पीटीएम अति आवश्यक है जिसमें अभिभावकों को अनिवार्य रूप से शामिल होना चाहिए। अभिभावकों ने प्रधानाचार्य और शिक्षकों को पढ़ाई में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया और अंत में सभी एक दूसरे के साथ प्रस्पर सहयोग से बच्चों के सर्वांगीण विकास करने का संकल्प लिया। इस मौके पर हफीजुल्लाह अंसारी, विकेश जी, मनोज मेहता, वीरेंद्र प्रसाद, बबिता देवी, साजिद खान, मंसूर आलम व अन्य उपस्थित अभिभावकों ने विशेष रूप से विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही अभिभावकों ने अपने बच्चों के रिजल्ट से खुश होकर अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्वासनियत प्रकट करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों के विकास के लिए पूरी तरह आश्वस्त हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निदेशक पंकज कुमार, उप प्राचार्य शेखर मेहता, कोऑर्डिनेटर इरशाद अंसारी, प्रज्ञा कुमारी, सलोनी गुप्ता आदि थे।

## समता स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित जपला समता स्कूल प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान एवं अतिथियो द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में 30 ग्रुप में 190 बच्चों ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी की छात्राओं के बीच प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। वहीं, विद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार चौहान ने विद्यार्थियों की कला कौशल पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधादी। कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का कौशल विकास महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद चौधरी, विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, बेबी सेख, सुधांशु कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल कुमार चौहान, दीपक प्रजापति, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी, शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे, परिचारिका जनक दुलारी देवी आदि उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



रांची के खेल गांव स्थित वीर बुधू भगत स्टेडियम में खेले गए राज्य स्तरीय खेलो झारखंड तैयारी प्रतियोगिता संपन्न हुआ। इसके साथ ही खेलो झारखंड 2023-24 प्रतियोगिता भी संपन्न हुआ। जिसमें राज्य के 35 हजार स्कूलों के 40 लाख से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

## हुसैनाबाद में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवरी ओपी के पुरनाडीह गांव में विवाद के चलते 26 वर्षीय एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान अमरजीत कुमार के रूप में हुई है। रविवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने बताया कि घर में पारिवारिक विवाद को लेकर युवक काफी तनाव में था। शनिवार की शाम को सोन नदी किनारे स्थित पेड़ में रस्सी से बांधकर फांसी लगा ली। देर रात तक वह घर नहीं लौटा। अगले दिन यानी रविवार की सुबह ग्रामीणों ने पेड़ से झुलते शव को देखा तो इसकी सूचना देवरी ओपी को दी। इसके बाद पुलिस पहुंची और शव को नीचे उतारने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच कर रही हैं।

### राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के साथ 29 खेलों का राज्य स्तरीय 'खेलो झारखंड' संपन्न

# राज्य के सभी प्रमंडलों में 35 हजार स्कूलों के 40 लाख से अधिक बच्चों ने विभिन्न खेलों में लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में रांची के खेल गांव स्थित वीर बुधु भगत स्टेडियम में खेले गुए राज्य स्तरीय खेलो झारखंड तैराकी प्रतियोगिता संपन्न हुई। खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के समापन में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड तैराकी संघ के अध्यक्ष बरखा सिन्हा, महासचिव उपेंद्र तिवारी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शैलेंद्र कुमार तिवारी ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन मो० जावेद अंसारी ने किया।

### प्रशिक्षण शिविर के लिए पत्र जारी

राज्य शिक्षा परियोजना ने विभिन्न खेलों हेतु प्रशिक्षण शिविर के आयोजन की तिथि घोषित की है। जिसमें 8 नवंबर से फुटबॉल और योगासन, 14 नवंबर से खो-खो, 20 नवंबर से टेनिस और बैडमिंटन, 22 नवंबर से एथेलेटिक्स एवं 01 दिसंबर से वॉलीबॉल का प्रशिक्षण शिविर होना है। अन्य खेलों के लिए प्रशिक्षण शिविर एसजीएफआई द्वारा नेशनल तिथि की पुष्टि करने के बाद आयोजित की जाएगी।

खेलो झारखंड कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षा सचिव के रवि कुमार एवं राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग एवं विभाग के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित तौर पर इस वर्ष झारखंड राज्य टीम राष्ट्रीय स्कूली खेल में अब तक तक सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करेगी साथ ही पदक तालिका में भी अपना स्थान उपर रखने में कामयाब होगी।

### 29 खेलों में 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे राज्य के दो हजार से अधिक खिलाड़ी

तैराकी प्रतियोगिता के समापन के साथ ही खेलो झारखंड 2023-24 भी संपन्न हुआ। खेलो झारखंड कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय स्तर पर जहां 35,000 स्कूलों ने भाग लिया, वहीं राज्य के सभी प्रमंडलों में 40 लाख से अधिक बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लेने के बाद जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि राज्य के सभी जिलों से लगभग 15,000 बच्चों ने राज्य स्तर पर 29 विभिन्न खेलों में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर 14, 17 एवं 19 आयुवर्ग में भाग लिया। कबड्डी, खो-खो एथेलेटिक्स जैसे खेलों में दो हजार से अधिक बच्चों ने राज्य स्तर पर भाग लिया। सभी वर्गों में चयनित बच्चों के लिए 21 दिनों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है। विदिशा में आयोजित कुश्ती के अंडर 14 एवं 17 फ्री स्टाइल में दो रजत पदक राज्य के खिलाडियों ने अपने नाम किया है वहीं श्रीनगर में आयोजित अंडर-19 बालक फुटबॉल में लीग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों मैच जीत कर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया, जहां पेनाल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। अंडर-14 राज्य जूडो टीम जम्मू में 15 से 19 नवंबर तक आयोजित प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए रामगढ़ कैंट से 12 नंबर को रवाना हो गए। वहीं त्रिपुरा में होने वाले अंडर-17 योगासन के लिए जेसीईआरसी कैंपस में कैंप चल रही है। टीम 19 नवंबर को रवाना होगी।

## 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आठ टीमें तय, श्रीलंका-नीदरलैंड बाहर

टेस्ट खेलने वाली जिम्बाब्वे-वेस्टइंडीज की टीम भी नहीं आयेगी नजर

एजेंसी

**मुंबई।** वनडे वर्ल्ड कप के लीग मैच खत्म हो गए हैं। इसके साथ ही 2025 में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी टीमें तय हो गई हैं। श्रीलंका और नीदपलैंड की टीमें इस टूर्नामेंट की होड़ से बाहर हो गई हैं। वहीं टेस्ट खेलने वाली वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीम भी पाकिस्तान में नहीं दिखेगी। चैंपियंस ट्रॉफी में पिछली बार (2017) की तरह 8 टीमें हिस्सा लेंगी। ये टीमें वर्ल्ड कप 2023 के पॉइंट्स टेबल के आधार पर तय हुई हैं। ऐसे में वर्ल्ड कप लीग की समाप्ति के बाद पॉइंट्स टेबल में 9वें स्थान पर रहने वाली श्रीलंका टीम और 10वें स्थान पर रहने वाली नीदरलैंड की टीम नहीं खेलेगी।

### 2025 और 2029 की चैंपियंस ट्रॉफी में होंगे 15-15 मैच

2025 की चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान और 2029 की चैंपियंस ट्रॉफी भारत में खेली जाएगी। दोनों में पिछले 2 टूनार्मेंट की तरह 8 टीमें होंगी। इन्हें 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप स्टेज में 12 मैचों के बाद 2 सेमीफाइनल और एक फाइनल मिलाकर टूनार्मेंट में कुल 15 मुकाबले होंगे।

### डिफेंडिंग चैंपियन है पाकिस्तान, भारत को हरा जीता था खिताब

2017 में आखिरी बार इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी हुई थी, टूनार्मेंट के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को हराकर खिताब जीता था। उससे पहले 2013 में भारत ने टूनार्मेंट जीता था, टीम ने इंग्लैंड को फाइनल हराया था। कऊउ का ये टूनार्मेंट वैसे तो 4 साल में एक बार होना तय है, लेकिन बिजी शेड्यूल के चलते इसे 2021 में आयोजित नहीं किया गया।

बतातें चलें कि श्रीलंका अपने 9 लीग मैचों में से केवल दो मैच ही जीत पाई और उसे सात में हार का सामना करना पड़ा था। 1996 में वर्ल्ड कप जीतने वाली श्रीलंकाई टीम वर्ल्ड कप 2023 के लिए भी क्वालिफायर खेलकर आई थी। श्रीलंका को वर्ल्डकप में अफगानिस्तान से भी हार का सामना करना पड़ा। वहीं, नीदरलैंड ने भी 2 मैच जीत कर पॉइंट टेबल में 4 अंक अर्जित किए। इतने ही पॉइंट बांग्लादेश और श्रीलंका के भी हैं, लेकिन इन दोनों की तुलना में रनरेट खराब होने की वजह से वह 10वें स्थान पर है। बांग्लादेश आठवें और श्रीलंका नौवें स्थान पर मौजूद है।

# गैंगस्टर अमन-प्रिंस खान का गुर्गा रवि चौहान गया जेल



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** गैंगस्टर अमन सिंह व प्रिंस खान का गुर्गा कनकनी निवासी रवि चौहान को लोयाबाद पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। रवि की निशानदेही पर पुलिस ने एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 35/2023 दर्ज कर रवि को जेल भेजा है। हालांकि रवि पर पहले से केंदुआडीह में भी एक मामला दर्ज था, जिसमें वह फरार चल रहा था। रवि को पलामू के आर्म्स सप्लायर अमन चौहान के साथ आर्म्स की डील के दौरान एटीएस ने चंदनक्यारी से पकड़ा था। इसके बाद रवि को एटीएस टीम ने केंदुआडीह पुलिस को सौंप दिया था। बतातें चलें कि 12 अक्टूबर 2022 को जलेश्वर व झुम्मी महतो समर्थकों के बीच बांसजोड़ा में हुए फायरिंग मामले में विधायक ढुल्लू के साथ रवि चौहान भी नामजद आरोपी है। फायरिंग में जलेश्वर समर्थक मुकेश तुरी को गोली भी लगी थी। जिसके बाद से रवि चौहान फरार था। कुछ दिन पूर्व रवि चौहान का दो पिस्टल के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसके बाद एटीएस की टीम उसे पकड़ने में जुटी थी। इसी क्रम में रवि के भाई और पिता को लोयाबाद थाने में पूछताछ के लिए लाया गया, जिसके बाद पुलिस को रवि का पता चला और पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। केंदुआडीह में पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि कनकनी सामुदायिक भवन के पास उसने एक कट्टा और एक जिंदा कारतूस छिपा कर रखा है। जो लोयाबाद पुलिस की मदद से रवि की निशानदेही पर बरामद हुआ।

## आश्वासन : मंत्री ने तालाब जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास

# डुमरी क्षेत्र के विकास के लिए हम सदैव तत्पर हैं: बेबी देवी

### कई महत्वपूर्ण योजनाओं को जल्द उतारा जायेगा धरातल पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडारीदह/बेरमो।** भारत सरकार की नीति आयोग योजना के तहत अलारगो पंचायत के गडिवा में तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास राज्य की मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी ने सोमवार को किया। मंत्री बेबी देवी ने कहा कि गडिवा में तालाब का जीर्णोद्धार होने से आसपास के कई पंचायत के लोगों को फायदा होगा। यह तालाब तीन-तीन पंचायत की सीमारेखा में है, जिसे 11 लाख 70 हजार रुपये की लागत से जीर्णोद्धार होना है। इस तालाब के माध्यम से खेती-बारी के लिए सिंचाई सहित नहाने धोने के अलावा मवेशियो को पेयजल की भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा के विकास के हम सदैव तत्पर है। अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर जल्द उतारा जायेगा। मंत्री ने गुणवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर संवेदक को कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष अजमूल अंसारी, अख्तर रजा, तनवीर आलम, अमजद हुसैन, जियाउल अंसारी, अब्दुल मलिक, नबाब अंसारी आदि उपस्थित थे।



तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास करती मंत्री बेबी देवी।

# अवैध कोयला लदे चार ट्रक जब्त, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** धनबाद खनन टास्क फोर्स की बैठक के बाद जिला प्रशासन द्वारा अवैध कोयला कारोबार पर लगाम लगाने को लेकर कई कार्यवाही की जा रही है। वहीं, बाघमारा के बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहराकुदर से पुलिस ने चार अवैध कोयला लदे ट्रकों को पकड़ा है। हालांकि पुलिस को देख चालक मौके से फरार हो गये। पुलिस चारों ट्रकों को जब्त कर थाना ले आई। बताया जाता है कि चारों ट्रकों में लगभग 1.5 टन अवैध कोयला लदा है। पुलिस ने कोयला तस्कर सहित ट्रक मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अरगामो में धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा

**नावाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अरगामो में धूमधाम से गोवर्धन पूजा मनाया गया। इसे लेकर राजेश चौधरी के आवास पर सुबह लोगों ने अपने ही गायों को फूल माला आदि से सजाकर उनकी पूजा की एवं अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। गौरतलब हो कि दिवाली के अगले दिन मनाये जाने वाले गोवर्धन पूजा का भारतीय संस्कृति में अत्यधिक महत्व है। इस पर्व पर गोवर्धन पर्वत और पशुधन की पूजा की जाती है। इस दिन घरों में गोबर से गोवर्धन बनाये जाते हैं और उनकी पूजा होती है। पौराणिक मान्यता के मुताबिक, भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों से भगवान इन्द्र की पूजा के स्थान पर गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए कहा, क्योंकि इसी पर्वत पर सभी ब्रजवासियों की गाय चरने जाती थीं। इसी पर्वत से उन्हें अन्न की प्राप्ति होती थी। मौके पर अरगामो के मिथिलेश चौधरी, श्याम चौधरी, निर्मल महतो, परी कुमारी और रौनक चौधरी आदि मौजूद थे।

# बीएसएल कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन टूर (दौरा) मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन टूर (दौरा) मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया जा रहा है। जिसमें वे टूर रिक्वेस्ट आवेदन ऑनलाइन जमा करते हुए टूर एडवांस के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस नए ऑनलाइन सिस्टम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी और अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) सूजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आई टी) ए बंकिरा और इस सिस्टम को विकसित करने से जुड़े टीम के सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस नए प्रणाली का उद्देश्य टूर एडवांस की प्रक्रिया को पेपरलेस व त्वरित बनाना है। फिलहाल बीएसएल कर्मी इस प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन टूर एडवांस के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, टूर सम्पन्न होने के पश्चात टूर बिल जमा करने और टूर बिलों की प्रतिपूर्ति और सेटलमेंट के लिए मॉड्यूल भी इस प्रणाली के तहत विकसित किया जा रहा है। जल्द ही मेडिकल रेफरल से संबंधित टूर आवेदन की सुविधा भी इस प्रणाली में शामिल करने की योजना है। नव-विकसित प्रणाली पूरी तरह से ऑनलाइन, पारदर्शी एवं पेपरलेस है और कर्मी इससे रियल टाइम के आधार पर टूर और एडवांस की मंजूरी के बारे में अपडेट प्राप्त कर सकते हैं। इस सिस्टम में कर्मचारियों के टूर का पुराना डाटा भी उपलब्ध रहेगा. यह प्रयास बीएसएल में टूर एडवांस के लिए आवेदन की प्रक्रिया को और अधिक कुशल, त्वरित और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक पहल है।

# सुख-समृद्धि की कामना के साथ कोयलांचल में मना दीपोत्सव पर्व

### आंगन से लेकर बीच सड़क तक जम कर हुई आतिशबाजी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल दीपोत्सव के उल्लाष में डूबा रहा। रविवार की शाम होते ही आसमान में पटाखों के सतरंगी नजारे दिखने लगे। चौक चौराहे, गली मोहल्ले दियों से रोशन हो उठे। ज्यों-ज्यों शाम ढलती गयी जिलेवासी दीपोत्सव के रंग में सराबोर होते गए। घरों और दुकानों के मुख्य द्वार पर आकर्षक रंगोली और मनमोहनी सजावट देखते ही बन रहे थे। घर और दुकानों से मंत्रोच्चारण के स्वर सुनाई देने लगे। सभी माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की आराधना में जुट गए। इसके बाद घर में लक्ष्मी का रूप कहे जाने वाली में बेटियों ने घरौंदा भराई कर माता लक्ष्मी की कृपा की कामना की। मान्यता है कि घरौंदा भराई से घर मे सुख समृद्धि और मुख्य द्वार पर रंगोली बनाने से धनलक्ष्मी का आगमन होता है। वहीं महिलाएं घर आंगन को दिए कि रोशनी से गुलजार करती रहीं।

### जमकर हुई आतिशबाजी

दीपावली में आतिशबाजी का खास महत्व है। इसको लेकर रविवार को जिले भर में जमकर आतिशबाजी हुई है। हालांकि राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद की ओर से दीपावली में रात में दो घंटे (8 बजे से 10 बजे) तक ही पटाखे फोड़ने की गाइडलाइन जारी की गई थी। पर त्योहार के उल्लाष में सराबोर शहरवासियों ने मन भर कर खूब आतिशबाजी की। घर के आंगन से लेकर शहर की सड़कों पर लोग जमा होकर आतिशबाजी करते रहे। आतिशबाजी के रंगों में डूबा आसमान भी सतरंगी दिखता रहा।

# डीसी अंकल, थोड़ा प्यार दे दो शुद्ध सांसों का अधिकार दे दो




### प्रदूषण के खिलाफ हाथों में तख्तियां ले झरिया में बच्चों ने सरकार और जिला प्रशासन से लगाई गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** वायु प्रदूषण के खिलाफ ग्रीन लाइफ एवं यूथ कॉन्सेप्ट नामक संस्था की ओर से चलाए जा रहे व्यापक अभियान के तहत बाल दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को बच्चों की करुण पुकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत हाथों में बीसीसीएल ने छीना बचपन, प्रदूषण से है बिगड़ा तन मन। बाल दिवस पर बचपन करे पुकार, प्रदूषण मुक्त जीवन का दो अधिकार, डीसी अंकल थोड़ा प्यार दे दो, शुद्ध सांसों का अधिकार दे दो आदि नारा लिखे तख्तियां लिए झरिया-कतरास मोड़ में बच्चों ने बीसीसीएल एवं सरकार से मार्मिक अपील की। इस दौरान ग्रीन लाइफ के संयोजक सह फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण के कारण झरिया के बच्चे तनाव में जी रहे हैं। प्रदूषण बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। वायु प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि अजन्में बच्चे भी शिकार हो रहे हैं। इसकी जिम्मेदार बीसीसीएल की आउटसोर्सिंग कंपनी है। झरिया के लोग आउटसोर्सिंग के धूलकण से परेशान हैं। गर्भवती महिलाओं के शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो रही है और प्रभावित हो कर गर्भस्थ शिशु दिव्यांगता के शिकार हो रहे हैं।

### दिल्ली से ज्यादा जहरीली झरिया की हवा है


यूथ कांसेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि झरिया की हवा दिल्ली से ज्यादा जहरीली हो गई है। बच्चे बीमार हो रहे हैं। छोटे उम्र में बड़ी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। बच्चों में चिड़चिड़ापन बढ़ गया है। पढ़ाई बाधित हो रहा है। वृद्धजनों की स्थिति ज्यादा खराब है। उन्होंने कहा कि अब तो सांसो पर भी संकट हो गया है। झरिया में प्रदूषण के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है। धूल कण के कारण दुकान का समान खराब हो जाता है। कोई खरीदना नही चाहता है। जागरूकता कार्यक्रम में डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद,मो इकबाल, मो अश्फाक हुसैन, अजफर इकबाल,रूमी खान, अल्फिया, अलमास, आलिया, अरमान, अनाबिया, अहक, तलबीया, तहा, अब्दुल हक अर्शी, मोहम्मद, अहमद, माहिरा, तज्जमुल, ऑन, अरहान, रुहान, शिफा, हमजा, रीफा, रेयान, हुजैफा आदि उपस्थित थे।

# पुरानी रंजिश में चली गोली, दोनों पक्षों ने थाने में दर्ज कराया मामला

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** दीपावली की रात 11 बजे लोयाबाद 20 नंबर क्षेत्र से पुलिस ने एक जिंदा कारतूस और खोखा बरामद किया है। साथ ही दो बाइक भी जब्त की है। घटना आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। दोनों पक्ष लोयाबाद थाना पहुंचकर फायरिंग करने व बमबाजी करने का आरोप लगा रहे हैं। एक तरफ नागों ने बताया कि 10 से 15 की संख्या में हथियार चमकाते हुए आय युवकों ने गाली गलौज करते हुए उसके उपर फायरिंग की। विरोध व बचाव करने पर सभी पारबाद पूल की तरफ भाग गये। इस दौरान हमलवारों से दो बाइक छिल ली गई। वहीं गुड़िया देवी का कहना है कि बजरंगी, अभिषेक, भिखारी नोनियां सहित अन्य चार लोग मेरे घर पर आकर बम फेंक दिये। हालांकि वे लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद से वे लोग काफी डरे-सहमे हैं। मेरा बेटा विकास घटना के बारे में सुना तो आक्रोशित होकर गाली देने लगा। पर मैंने उसे डंटा कर चुप कराया और घर में बंद कर दिया। जिसने घटना को अंजाम दिया है। मैं सभी को पहचानती हूं। घटना के बाद मेरा बेटा रात में पुटकी जा रहा था, तो सभी आरोपी घेरकर उसकी बाइक छिन लिए और झूठा आरोप लगा रहे हैं। सोमवार को दोनों पक्ष थाना में मौजूद था। लोग सुलह की कोशिश में लगे थे। पुलिस दोनों पक्षों के एक-एक लोगों को थाने में बैठाकर पूछताछ की। वहीं, पुलिस फायरिंग से इनकार कर रही है। जबकि तस्वीर में जिंदा कारतूस साफ दिख रहा है।

## आस्था : कोयलांचल में मां काली की आराधना, मंदिरों और पूजा पंडालों में उमड़े श्रद्धालु

# हीरापुर चिल्ड्रेन पार्क में बना नाइजीरिया का फिश महल, रहा आकर्षण का केंद्र





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/गोमिया।** काली पूजा को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। काली पूजा पंडालों व मंदिरों में रविवार को उत्साह व श्रद्धा के साथ मध्य रात्रि से मां काली की आराधना की गयी। काली पूजा को लेकर शहर के कई पूजा समिति परंपरा के अनुसार पूजा के लिए राज्य के बाहर से पंडितों के अलावा ढोल ढाक बजाने वाले को बुलाए गए हैं। सभी पंडालों व मंदिरों में आकर्षक रूप से विद्युत साज-सज्जा तथा पुष्प सज्जा किया गया है। वहीं, शहर में काली पूजा पर हीरापुर पार्क मार्केट में आकर्षक नाइजीरिया के फिश महल की थीम पर पंडाल का निर्माण कर पूजा आयोजन किया गया है। मेला भी लगाया गया है। आकर्षक विधुत सज्जा भी गई है। रविवार की रात्रि में मां कली की आराधना व पुष्पांजलि की गयी। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। सोमवार को भंडारा का आयोजन किया गया।

### गोमिया में काली पूजा की धूम

गोमिया सहित आसपास के क्षेत्र आइइएल कालोनी, गोमिया, स्वांग कोलियरी हजारी आदि में दीपावली के साथ ही काली पूजा धूमधाम से मनाई गई। दीपावली पर लोग अपने घरों एवं दुकानों की साफ सफाई कर विशेष रूप से सजाकर पूजा अर्चना किये। जबकि दुकानों में खरीदारी करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। दुकानों में लोग पटाखें सहित पूजा अर्चना के लिए पूजा के सामान मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की मूर्तियां खरीदते देखे गये। दुकानों में अधिकतर स्वदेशी सामानों व मिट्टी से बने दीये की खूब बिक्री हुई। वहीं आइइएल कालोनी स्थित दुर्गा मंडप, आईईएल शिव मंदिर के बगल स्थित रामकृष्ण विवेकानंद सेवाश्रम, गवर्नमेंट कालोनी, गोमिया पोस्ट ऑफिस मोड़ के समीप काली मंदिर, गोमिया रेलवे स्टेशन काली मंदिर, स्वांग जारंगडीह सीम काली मंदिर, हजारी मोड़ काली मंदिर सहित क्षेत्र के अन्य काली मंदिर में मां काली की पूरे विधि विधान से हुई।

## मां काली के दर पर जाकर विधायक ने माथा टेका, की क्षेत्र की खुशहाली की कामना



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो व आसपास के इलाकों के मंदिरों में मां काली की पूजा धूमधाम से की गई। करगली गेट, करगली बाजार इलेवन स्टार क्लब, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, चंद्रपुरा, नावाडीह, फुसरो, पिछरी, भेड़मुक्का, ढोरी रेलवे साइडिंग पांच नंबर धौड़ा, अमलो बस्ती, सुभाष नगर सहित विभिन्न जगहों पर मां काली की पूजा की धूम रही। कई मंदिरों में बकरों की बली चढ़ायी गई। साथ ही महाभोग का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने मां काली की अराधना करते हुए उनके दरबार में सिर नवाया और अपने व परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की। सभी मंदिरों में पुजारी ने पूजा कराया। इसके अलावा विद्युत नगरी चंद्रपुरा व राजाबेड़ा में कुल पांच स्थानों पर मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां पश्चिमी पल्ली, जुरासिक पार्क, दीपाली संघ, झरनाडीह व राजाबेड़ा आदि जगहों में मां काली की आराधना की गई। मां काली के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह में बेरमो के विभिन्न पूजा स्थल पांच नंबर धौड़ा काली मंदिर, अमलो बस्ती काली मंदिर, गांधी नगर स्थित पहाड़ी काली मंदिर में माथा टेक क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

## करगली में विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा स्थापित, 15 नवंबर को होगा अनावरण



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति की पहल पर करगली में झारखंड आंदोलन के जननायक विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा रविवार को करगली स्थित विनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड में स्थापित की गयी। 15 नवंबर को भव्य समारोह आयोजित कर प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। समन्वय समिति के नेताओं ने कहा कि विनोद बाबू की मूर्ति स्थापित करने में बेरमो क्षेत्र के सभी तबके और सीसीएल प्रबंधन का सकारात्मक सहयोग मिला है। सभी राजनीतिक दलों के नेताओं का भी सहयोग व समर्थन मिल रहा है। बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य की स्थापना दिवस पर आहूत होनेवाले मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री बेबी देवी होंगी। इसके अलावा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक डॉ लंबोदर महतो, विधायक कुमार जयमंगल सिंह, पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो, पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो, सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक एमके राव आदि शामिल होंगें।

# एम्स भुवनेश्वर ने की ट्रैवल हेल्थ क्लिनिक की शुरुआत

- एम्स, भुवनेश्वर पूर्ण विकसित यात्रा स्वास्थ्य क्लिनिक स्थापित करने वाला पहला संस्थान बन गया है
- ट्रैवल मेडिसिन-स्वास्थ्य और आर्थिक विकास की सुरक्षा के लिए समय की आवश्यकता है
- सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा प्रथाओं और यात्रा संबंधी बीमारियों की रोकथाम के लिए व्यापक सेवाएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सामुदायिक और पारिवारिक चिकित्सा विभाग, एम्स भुवनेश्वर ने अस्पताल में एक नया 'ट्रैवल हेल्थ क्लिनिक' स्थापित करके भारत में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में एक और बड़ा योगदान दिया है। यह ओड़िशा में अपनी तरह का पहला और देश में बहुत कम में से एक है। उद्घाटन समारोह में प्रोफेसर (डॉ) आशुतोष विश्वास, कार्यकारी निदेशक और सीइओ और प्रोफेसर (डॉ) दिलीप कुमार परिदा, चिकित्सा अधीक्षक, एम्स भुवनेश्वर उपस्थित थे। डॉ बिजय कुमार पाणिग्रही, निदेशक, परिवार कल्याण, डॉ सुचित्रा सासमल, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, सरकार। भारत के, डॉ तापस पात्रा, राज्य टीकाकरण अधिकारी, सरकार। ओड़िशा के डॉ विश्वरंजन दाश, हवाईअड्डा सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी अन्य गणमान्य व्यक्ति थे, जिन्होंने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। विशेष क्लिनिक सप्ताह में दो बार चलेगा और आने वाले यात्रियों को आवश्यक टीकाकरण सेवाएं प्रदान करेगा, जिसमें कुछ देश-विशिष्ट टीके जैसे पीला बुखार का टीका, यात्रा के दौरान स्वस्थ व्यवहार के बारे में सलाह, आपात स्थिति में उपयोग के लिए एक अनुकूलित मेडिकल किट को असेंबल करना और अन्य 'क्या करें' शामिल हैं। इस अवधि के दौरान क्या न करें? हमारे पीत ज्वर टीका क्लिनिक में प्रतिवर्ष औसतन 3500 पीत ज्वर टीके के लाभार्थी होते हैं।

कार्यकारी निदेशक डॉ बिस्वास ने प्रत्येक यात्री से राष्ट्रीय सीमाओं से परे बीमारियों के संक्रमण और संक्रमण से बचने के लिए यात्रा से पहले यात्रा संबंधी स्वास्थ्य सलाह लेने का आग्रह किया। डॉ पात्रा ने उल्लेख किया कि राज्य टीकाकरण अधिकारी होने के नाते, उन्हें यात्रा सलाह के संबंध में लोगों से बहुत सारे कॉल और प्रश्न मिलते थे। उन्होंने कहा कि अब लोगों के पास जाने के लिए जगह होगी और परामर्श के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों की एक टीम होगी।

डॉ विश्वरंजन दाश ने अनजान यात्रियों के माध्यम से 'विदेशी' संक्रामक एजेंटों की शुरूआत को रोकने के लिए ओडिशा में प्रवेश के दो बिंदुओं, अर्थात बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, भुवनेश्वर और पारादीप बंदरगाह पर निरंतर निगरानी के महत्व पर जोर दिया। डॉ पाणिग्रही ने यात्रा चिकित्सा के क्षेत्र में उठाये गये नये कदम पर प्रसन्नता व्यक्त की और सहमति व्यक्त की कि इससे निश्चित रूप से राज्य की आर्थिक वृद्धि और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। डॉ ससमल ने भी क्लिनिक के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं और भविष्य में इस उद्देश्य का समर्थन करने की प्रतिबद्धता जतायी।

एम्स भुवनेश्वर के सामुदायिक और पारिवारिक चिकित्सा विभाग की प्रमुख डॉ सोनू हंगमा सुब्बा ने मेहमानों का स्वागत किया और यात्रा स्वास्थ्य में इस उपन्यास और समय पर पहल के लिए उनकी टीम को बधाई दी।

एम्स भुवनेश्वर के अतिरिक्त प्रोफेसर और टीकाकरण क्लिनिक के प्रभारी डॉ स्वयं प्रज्ञान परिदा ने टीकाकरण क्लिनिक की अपनी टीम, डॉ अरविंद सिंह, अतिरिक्त प्रोफेसर और डॉ. अभिषेक मिश्रा, सहायक प्रोफेसर, सीएमएफएम विभाग, एम्स, भुवनेश्वर को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया और इस उम्मीद के साथ समारोह का समापन हुआ कि एम्स बीबीएसआर में 'ट्रैवल हेल्थ क्लिनिक' यात्रा स्वास्थ्य के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने, यात्रा चिकित्सा में अनुसंधान और नवाचारों को बढ़ावा देने और देश के अन्य चिकित्सा केंद्रों में ट्रैवल क्लीनिक की स्थापना को प्रोत्साहित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# पश्चिम बंगाल में तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या

- दो हमलावरों को समर्थकों ने पकड़ा, एक को पीट-पीट कर मार डाला, कई घर जलाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिला अंतर्गत जयनगर में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के नेता सैफुद्दीन लस्कर की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। वहीं, घटना से आक्रोशित समर्थकों ने दो हमलावरों को पकड़ लिया और उनकी बुरी तरह पिटाई कर दी। इस हमले में एक आरोपी की मौत हो गयी, जबकि दूसरे को पुलिस किसी तरह बचा कर अपने साथ ले गयी। दूसरी ओर तृणमूल नेता की हत्या के बाद इलाके में तनाव फैल गया। आक्रोशित समर्थकों ने कई घरों में आग लगा दी। तनाव के बीच इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस को तैनात किया गया है। तृणमूल का आरोप है कि माकपा और भाजपा के गुंडों ने घटना को अंजाम दिया है। वहीं पुलिस ने बताया कि सैफुद्दीन सोमवार सुबह नमाज के लिए जा रहे थे, तभी उन पर हमला हुआ।

सैफुद्दीन जयनगर के बामुंगाची में तणमूल के एरिया अध्यक्ष थे। उनकी पत्नी पंचायत प्रधान हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस ने बताया कि घटना के बाद तृणमूल समर्थकों ने पड़ोस के दलुआखाली गांव में हिंसा की। भीड़ ने लूटपाट और तोड़फोड़ के बाद कई घरों को आग के हवाले कर दिया।

# भाजपा कार्यकर्ता अभी से कमर कर लें : लक्ष्मण सिंह



स्वर्गीय सीताराम यादव के परिजनों से मिल कर उन्हें मदद देते लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बैठक की गयी। इस दौरान उन्हें जन संपर्क कर पार्टी को मजबूत बनाने की अपील की गयी। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में भाजपा की भारी जीत के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें। लोगों से संपर्क कर उन्हें केंद्र सरकार की उपलब्धियां बतायें और जनता की भलाई के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करायें। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीब परिवार की हरसंभव मदद करेगी। मौके पर कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं बतायीं। उन्हें भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह संबंधित विभागों व जिला प्रशासन से बात कर परेशानियों को जल्द दूर करने के लिए प्रयास करेंगे। इसके बाद वे बरजो में स्वर्गीय सीताराम यादव के परिजनों से मिले और उनकी आर्थिक मदद भी की। मौके पर सुनील अग्रवाल, पवन सिंह, अशोक राय, श्रीकांत राय, उदय सिंह, सोहन यादव, रामू साव मौजूद थे।

## इमरान खान की गिरफ्तारी का वारंट जारी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता, अगले साल आम चुनाव की तैयारियों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान गिरफ्तारी वारंट के कारण चर्चा में हैं। इमरान खान की गिरफ्तारी के लिए इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने पीटीआइ प्रमुख के गिरफ्तारी वारंट का पालन करने के लिए एक आवेदन दायर किया था। बता दें कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ चीफ इमरान खान फिलहाल लगभग छह महीनों से जेल में बंद हैं। पाकिस्तान की समा न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना और 190 मिलियन पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट मामलों में पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत ने जेल अधीक्षक को वारंट का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कानूनी कदम उठाने का भी आदेश दिया है।

## छठ पूजा के दौरान पुरी और पटना के बीच विशेष ट्रेनें शुरू



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नियमित ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए और यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व तट रेलवे ने छठ पूजा के लिए पुरी और पटना के बीच एक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पुरी से यह स्पेशल ट्रेन 08449 पुरी-पटना स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेगी और सोमवार और बुधवार (13 और 15 नवंबर) को रात 11:30 बजे पुरी से रवाना होगी। वापसी मार्ग पर ट्रेन पटना से पुरी के लिए 08450 पटना-पुरी स्पेशल के रूप में मंगलवार और गुरुवार (14 और 16 नवंबर) को छह बजे रवाना होगी।

# सीएम नवीन पटनायक ने जनता और कर्मचारियों के लिए किट और किस की सुविधाओं का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को किट और किस के कर्मचारियों और जनता के लिए विभिन्न सुविधाओं केंद्रों का उद्घाटन किया। इनमें शेफाली क्रेच, किट पब्लिक स्कूल, जयंत महापात्र पब्लिक लाइब्रेरी, बाबा राम नारायण दास प्रसाद सेवन केंद्र और किट स्मारिका गैलरी शामिल हैं। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने हमेशा किट और किस के कर्मचारियों के कल्याण को महत्व दिया है। तदनुसार, कर्मचारियों और उनके परिवारों के लाभ और खुशी के लिए विभिन्न परियोजनाएं और कार्यक्रम शुरू किये गये हैं।

उद्घाटन समारोह में बाबा राम नारायण दास संस्थापक अध्यक्ष यूनिट-1 राम मंदिर; सास्वती बल अध्यक्ष किट और किस; डॉ अच्युत सामंत संस्थापक किट और किस के साथ किट के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

किट और किस पब्लिक स्कूल उन कर्मचारियों को सेवा प्रदान करेगा, जो प्रति माह 30,000 रुपये से कम वेतन लेते हैं। वे अब किट पब्लिक स्कूल में सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। इसी तरह जयंत महापात्र पब्लिक लाइब्रेरी का नाम ओडिशा के प्रख्यात द्विभाषी कवि पद्मश्री जयंत महापात्र के नाम पर रखा गया है। यह वातानुकूलित सार्वजनिक पुस्तकालय किट गुंडिचा मंदिर के पास स्थापित किया गया है।

कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में आने वाले रोगी परिचारकों की मदद के लिए, किट गुंडिचा मंदिर परिसर में सब्सिडी वाला प्रसाद सेवन उपलब्ध होगा। प्रसाद किट जगन्नाथ मंदिर से उपलब्ध होगा। यह प्रसाद कोई भी व्यक्ति प्रति व्यक्ति 30 रुपये में ले सकता है और इस स्थान का नाम आध्यात्मिक गुरु बाबा नारायण दास के नाम पर रखा गया है।

किट स्मारिका गैलरी छात्रों, कर्मचारियों, पूर्व छात्रों और आगंतुकों के लिए दुनिया भर की संस्कृतियों, विशेष रूप से समृद्ध ओड़िया हस्तशिल्प और किट विश्वविद्यालय-ब्रांडेड माल का प्रतिनिधित्व करने वाले अद्वितीय स्मृति चिन्हों की एक विविध शृंखला प्रदान करती है।





















वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**